*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 349

# आजाद सिपाही


कलम कलम बढ़ाये जा

अमेरिका में सबसे बड़े अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन




## नेक इरादा निभा रहे वादा

# सिंचाई की सुविधा से समृद्ध होंगे किसान




## देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत

# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना

## शिलान्यास समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील सोरेन**
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र

**श्री निशिकान्त दुबे**
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र

**श्री इरफान अंसारी**
माननीय विधायक, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र

**श्री रणधीर कुमार सिंह**
माननीय विधायक, सारठ विधानसभा क्षेत्र

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : ग्राम - सिकटिया, प्रखण्ड - सारठ, जिला - देवघर

**मुख्य बातें -**


**₹484.35**
करोड़ से होगा निर्माण

**13,164 हे०**
कुल सिंचित क्षेत्र

**1,11,174**
कुल लाभान्वित ग्रामीण

**27**
कुल लाभान्वित पंचायत

**190**
कुल लाभान्वित गाँव



P. R. 308646 (Water Resource) 23-24

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# 2024 के चुनाव में कितनी कारगर होगी जातीय जनगणना

## इसे जादुई मुद्दा मानना साबित हो सकती है विपक्षी गठबंधन की बड़ी चूक

**17वें आम चुनाव के मुहाने पर खड़े दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों सियासत की नयी पटकथा लिखी जा रही है, जिसकी शुरुआत कभी दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार ने की है। यह पटकथा है जातीय जनगणना की, जिसकी रिपोर्ट जारी कर नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली महागठबंधन की सरकार ने एक हलचल पैदा कर दी है। बिहार के बाद अब राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने राज्य में जातीय जनगणना कराने का आदेश जारी कर दिया है, तो कांग्रेस ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सत्ता मिलने पर जातीय जनगणना कराने का वादा किया है। इस तरह विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने जातीय जनगणना के मुद्दे को 2024 के आम चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाने के लिए कदम आगे बढ़ा दिया है। उसके साथ जदयू और राजद जैसी जातीय राजनीति करनेवाली पार्टियां भी हैं, लेकिन भारत के चुनावी परिदृश्य के गहन विश्लेषण से यह बात साफ हो जाती है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की रणनीति के सामने जातीय जनगणना का फॉर्मूला ही काफी नहीं होगा। देश में चुनावी मुद्दों का इतिहास बताता है कि इस तरह के मुद्दों का असर बिहार और यूपी के साथ हिंदी पट्टी के राज्यों को छोड़ कर बाकी प्रदेशों में नहीं के बराबर होता है। तो फिर जातीय जनगणना के मुद्दे को इतने जोर-शोर से क्यों उठा रहा है विपक्ष और कैसे इस एक मुद्दे पर विपक्ष की राजनीतिक नैया पार नहीं होगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

आम चुनावों की तैयारियों में लगे देश की सियासत में इन दिनों जातीय जनगणना का मुद्दा पूरे जोर-शोर से उठ रहा है। बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर विपक्ष यह मान कर चल रहा है कि आगामी चुनाव में यह मुद्दा उसके तरकश में एक प्रभावी तीर होगा, लेकिन यह उसकी चूक साबित हो सकती है। वास्तव में पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देनेवाले चाहे बिखरे हुए हों या एकजुट हों या मोर्चाबंद हों या पूरे जोश में हों, वे उन्हें अगले साल तब तक नहीं मात दे सकते, जब तक कि उनके पास वह जादुई 'आइडिया' नहीं होगा। विपक्षी गठबंधन अगर यह सोचता है कि पूरे देश में बिहार जैसी जातीय जनगणना कराना ही वह जादुई 'आइडिया' है, तो उसे पश्चिम बंगाल के बारे में दिवंगत गोपाल कृष्ण गोखले के उस बयान को याद करना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार आज जो सोचता है, वह बीते हुए कल से एक दिन पहले ही बंगाल सोचा करता था।

बिहार में सामाजिक न्याय के आंदोलन ने 1990 में ही राजनीतिक सत्ता को पिछड़े तबकों के कदमों पर लाकर रख दिया था। उसके बाद से उसने आगे कदम नहीं बढ़ाया और व्यापक आर्थिक विकास, अवसरों को बढ़ाने और लोगों का जीवन स्तर सुधारने जैसे अगले कदम उठाने की कोशिश तक नहीं की। शासन का यह बिहार मॉडल पूरे देश के लिए बहुत निराशाजनक साबित हुआ, हालांकि बिहार में वह खूब फला-फूला। लेकिन आज तमाम पिछड़ी ताकतें भाजपा के खिलाफ एकजुट क्यों न हो जायें, वे केवल बिहार और हिंदी पट्टी के कुछेक राज्यों में ही मोदी के नेतृत्व में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती हैं।



कहने का सीधा सा मतलब यह है कि जातीय जनगणना की रणनीति से मोदी को हराने के लिए विपक्ष को पूरे देश को बिहार के रंग में रंगने की कोशिश बेकार साबित हो सकती है। यह रणनीति केवल उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र और कुछ हद तक हरियाणा और उत्तराखंड में असरदार हो सकता है। बाकी राज्यों में जातीय जनगणना का शायद ही कोई राजनीतिक असर हो। इनमें से किसी राज्य में जातियों के समीकरण और पारंपरिक निष्ठाओं का राजनीतिक या सामाजिक असर नहीं है। इसलिए विपक्ष को यह समझना होगा कि जातीय जनगणना इन राज्यों की सीमाओं से बाहर नहीं फैल सकती।

विपक्षी गठबंधन की तरफ से जातीय जनगणना को पहले ही सामाजिक क्रांति घोषित किया जा चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांशीराम के इस नारे का समर्थन कर दिया है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी'। लेकिन यह देखना दिलचस्प है कि इस तरह की सियासत का चुनाव में क्या असर होता है।

साल 2019 में मोदी-शाह की भाजपा ने 224 लोकसभा सीटों पर 50 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किये थे, यानी उसे बहुमत पाने के लिए मात्र 49 सीटें और चाहिए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस लहर का रुख मोड़ना कितना मुश्किल है। इन 224 सीटों में से कितनी किस राज्य की हैं, इस पर नजर दौड़ाने से यह मुश्किल और बड़ी नजर आती है। भाजपा को उत्तरप्रदेश की कुल सीटों में से आधी पर 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। यह राज्य जातीय समीकरण, अवसरों की उपलब्धता, मुस्लिम आबादी के प्रतिशत आदि के मामले में बिहार जैसा ही है, यानी 80 में से 40 सीटें। राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और कर्नाटक ऐसे बड़े राज्य हैं, जिन पर मोदी ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। उनमें भी उन्हें 2019 में क्रमशः 23, 25, 26, 22 सीटें मिली थीं। इन सबको मिला कर 188 में से 136, यानी आधी से ज्यादा सीटें होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जातीय जनगणना ऐसा फॉर्मूला हो सकता है, जिसके कारण लाखों मतदाता मोदी से मुंह मोड़ लेंगे।

ऐसे में साफ हो जाता है कि मोदी इन राज्यों में सीटों और वोट प्रतिशत के हिसाब से इतनी भारी जीत हासिल करते हैं कि उन्हें मात देना असंभव हो जाता है। यह लगभग स्टीव वॉ के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलिया की उस अजेय टीम जैसी होती है, जो पहली पारी में ही इतने रन इतनी तेजी से बना लेती थी कि मैच का फैसला लगभग पहले ही हो जाता था। जातीय जनगणना के मुद्दे के बेअसर रहने का प्रमुख कारण यह है कि 1989 के बाद की कांग्रेस पार्टी के विपरीत मोदी इतने नादान नहीं हैं कि वह पिछड़ा कार्ड खेलने के लिए खुद को ओबीसी के रूप में पेश करेंगे। इसलिए उन्होंने 'गरीब ही सबसे बड़ी जाति' की बात कही है।

विपक्षी गठबंधन को यह भी समझना होगा कि पिछड़ी जातियों और मुस्लिम के मेल वाली राजनीति तभी तक कारगर होती है, जब कोई 30 फीसदी के आसपास वोट लेकर चुनाव जीतता हो, जैसा कि हिंदी पट्टी में कभी हुआ करता था। आज जब दूसरा पक्ष 50 फीसदी से ऊपर वोट के साथ शुरू कर रहा हो, तब पहाड़ ज्यादा ही ऊंचा हो जाता है। तब उसे लांघने के लिए ज्यादा ताकत, ज्यादा मजबूत कील-कांटे, रस्सी आदि चाहिए। तब जातीय जनगणना और कांशीरम के बेमानी हो चुके युद्धघोष जैसे औजारों से काम नहीं चलेगा।

## राजनीतिक हलचल

### क्या माधुरी दीक्षित लड़ेंगी लोकसभा चुनाव! भाजपा महाराष्ट्र में रेस

भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार कर रही है। महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा सहयोगी दलों के साथ मिल कर 45 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य बना रही है। इसके लिए भाजपा अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं, मंत्रियों और विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। इसके अलावा सिलेब्रिटीज को भी टिकट मिलने की उम्मीद है। इस लिस्ट में माधुरी दीक्षित, जाने माने वकील उज्ज्वल निकम के नाम की खूब चर्चा है। लोकसभा चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने की संभावना है। चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बेहद गंभीर है। उनके नेता किसी न किसी बहाने महाराष्ट्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह



मंत्री अमित शाह ने चुनावों की समीक्षा बैठक की। संगठन की तैयारियों का जायजा लिया। पार्टी आलाकमान ने महाराष्ट्र के नेताओं से साफ कहा है कि चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। बीजेपी के दिग्गज नेता और राज्य के वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, ग्रामीण विकास मंत्री गिरीश महाजन, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चह्वाण, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, चंद्रकांत पाटील के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री विनोद तावड़े, आशीष शेलार, सुनील देवधर के नाम की चर्चा है। ऐसी चर्चा है कि इनमें से कई नेता लोकसभा चुनाव से बचना चाहते हैं। दरअसल, वे राज्य की राजनीति में ही अपना उज्ज्वल भविष्य देख रहे हैं। इन नेताओं को लगता है कि अगली बार राज्य में जब सरकार बनेगी, तब उन्हें कैबिनेट मंत्री बनने का बड़ा अवसर मिलेगा और केंद्र में गये तो महज सांसद बन कर ही रह जायेंगे। ऐसे में वे राज्य की राजनीति में बने रहना चाहते हैं।

### एमपी में इन सीटों पर अटकी भाजपा-कांग्रेस की सांसें, आइएनडीआइए बिखरा हुआ नजर आ रहा

मध्यप्रदेश में इसी साल विधानसभा के चुनाव होनेवाले हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच होगा, मगर छोटे दल इन दोनों प्रमुख दलों की मुसीबत बढ़ा सकते हैं। राज्य में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं। लगभग सभी स्थानों पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला रहने वाला है। मगर कई



सीटें ऐसी हैं, जहां छोटे दल या इन दोनों प्रमुख दलों से बगावत करने वाले नेता मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने की हैसियत रखते हैं। राज्य में सपा, बसपा, आप, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और जय युवा संगठन चुनाव में ताल ठोकने की तैयारी में हैं। अब तक के चुनाव में कोई भी तीसरा दल दहाई के अंक को छू नहीं पाया है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के अलावा आम आदमी पार्टी की ओर से उम्मीदवारों के नाम तय किये जा रहे हैं। वहीं, जय युवा संगठन ने अब तक अपने पूरे पत्ते नहीं खोले हैं। इन छोटे दलों का राज्य में प्रभाव है और वे अपनी क्षमता और जमीनी मजबूती के आधार पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में हैं। यही स्थिति बीजेपी और कांग्रेस के लिए चिंता में डाल देनेवाली है। राष्ट्रीय स्तर पर भले ही विपक्षी दलों ने गठबंधन कर लिया हो, मगर मध्यप्रदेश में अब तक किसी तरह के गठबंधन के संकेत नहीं मिले हैं।


### जातीय जनगणना के मुद्दे पर होगा लोकसभा चुनाव : अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जातीय जनगणना को लेकर बड़ी बात कही है। अखिलेश यादव ने कहा कि अगला चुनाव जातीय जनगणना के मुद्दे पर होगा। जातीय जनगणना की हमारी लड़ाई बहुत पुरानी है। नेताजी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू



प्रसाद यादव ने जातीय जनगणना की मांग की थी। उस समय की सरकार ने गिनती की, लेकिन आंकड़े कभी बाहर नहीं आने दिये। आज बिहार में जो सर्वे किया गया है, उससे एक नयी उम्मीद जगी है। अब चाहे दिल्ली की सरकार हो या कहीं की, जातीय जनगणना करानी ही पड़ेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में कांग्रेस भी अब जातीय जनगणना के पक्ष में है, जो एक चमत्कार है।

### गहलोत का चुनावी दांव, राजस्थान में जातिगत सर्वे के आदेश



विधानसभा चुनाव से पहले जाति आधारित सर्वे को लेकर छिड़ी बहस पर विराम लगाते हुए गहलोत सरकार ने मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। शनिवार देर शाम को राजस्थान सरकार ने घोषणा करते हुए जातिगत सर्वेक्षण का आदेश जारी कर दिया है।

अब देखना ये है चुनाव से ठीक पहले गहलोत के इस चुनावी दांव का सरकार को कितना फायदा मिलेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराएगी। सर्वे में नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर के संबंध में जानकारी व आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। आंकड़ों के आधार पर वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष कल्याणकारी उपाय और योजनायें लागू की जायेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कांग्रेस पार्टी की ओर से इस आदेश को साझा किया गया। बताया गया कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का फैसला लिया है। कांग्रेस जिसकी जितनी भागीदारी-उसकी उतनी हिस्सेदारी के अपने संकल्प पर काम कर रही है।

### सत्ता में अधिकार की मांग तेज

### हिस्सेदारी-भागीदारी को हवा और फंसे लालू-नीतीश

बिहार में जब से जातिगत गणना की रिपोर्ट आयी है, तब से नीतीश सरकार के लिए गले की फांस बन गयी है। अब पिछड़ी-अति पिछड़ी जातियां, अपने हिस्से की मांग करने लगी है। सबसे ज्यादा आबादी ईबीसी यानी अति पिछड़ा वर्ग की है। इस वर्ग से 36 फीसदी आबादी आती है, लेकिन नीतीश मंत्रिमंडल में इनकी संख्या महज 12 फीसदी है। इसलिए इस बात की भी मांग शुरू हो गयी है कि जिस जाति की जितनी हिस्सेदारी है, उसकी उतनी भागीदारी राजनीति में भी दी जाये। यानी मंत्रिमंडल में भी जगह मिले। महागठबंधन के नेता नारा लगा रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी। अब नीतीश कैबिनेट के साथ-साथ महागठबंधन के नेताओं



में भी हिस्सेदारी की मांग शुरू हो गयी है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जातिगत जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से मंत्रिमंडल में नेताओं को जगह देने की मांग तेज हो गयी है। कांग्रेस की तरफ से लगातार मंत्रिमंडल विस्तार की बात कही जा रही है। राहुल गांधी जब विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के दौरान पटना आये थे, तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह कहा था कि कांग्रेस के दो लोगों को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दी जायेगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। अब तो जाति आधारित गणना की रिपोर्ट भी सार्वजनिक कर दी गयी है। कांग्रेस प्रवक्ता असित नाथ तिवारी का कहना है कि जितनी उनकी हिस्सेदारी है, सरकार में उनकी उतनी भागीदारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मंत्रिमंडल विस्तार में उनकी दो और दावेदारी बनती है। उनकी पार्टी की तरफ से एक सवर्ण और एक दलित/पिछड़ी जाति से आने वाले कैंडिडेट को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि जाति आधारित गणना के अनुसार मंत्रिमंडल में भी भागीदारी के अनुसार हिस्सेदारी मिल सके।

**नीतीश कैबिनेट में जाति के आधार पर मंत्रियों की भागीदारी और हिस्सेदारी**

**नीतीश कैबिनेट में कुल 31 मंत्री हैं। कैबिनेट में जातिगत आधार पर कुर्मी समाज की भागीदारी 6.4% है, लेकिन आबादी 2.8 फीसदी है। इस तरह कैबिनेट में कोईरी समाज की हिस्सेदारी 6.4% है, जाति आधारित गणना के अनुसार 4.2 फीसदी हैं। ऐसे में इन दोनों जातियों की हिस्सेदारी भागीदारी से ज्यादा है। जबकि सवर्ण जातियों का प्रतिनिधित्व आबादी के हिसाब से कम है। बिहार में यादवों की आबादी 14.27 फीसदी है, लेकिन मंत्रिमंडल में मौजूदगी 26 फीसदी है। वहीं, मुस्लिमों की बात करें तो उनकी संख्या लगभग आबादी के अनुसार ही है। मंत्रिमंडल में सबसे कम संख्या अति पिछड़ा वर्ग की है। उनकी आबादी बिहार में 36 फीसद है, लेकिन मंत्रिमंडल में जगह 12 फीसदी ही मिली है।**

www.epaper.azadsipahi.in

09 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 349

राजस्थान के भीलवाड़ा में हलवाइयों ने बनायी विश्व की सबसे बड़ी रोटी












# सीएम आज देवघर को देंगे बड़ी सौगात

## सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास

- 485 करोड़ रुपये की लागत से तीन साल में होगा निर्माण
- 27 पंचायतों की एक लाख आबादी को होगा लाभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को देवघर के दौरे पर जा रहे हैं। वह वहां सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना के पूरा होने के बाद देवघर और जामताड़ा जिलों की 27 पंचायतों की एक लाख से ज्यादा आबादी को सिंचाई संबंधी कामों में लाभ मिलेगा। इन पंचायतों की कुल आबादी एक लाख से अधिक है। इनमें 14 हजार अनूसूचित जाति और 26 हजार अनूसूचित जनजाति के लोग हैं। इस योजना पर कुल 484.35 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। योजना को तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि इन दोनों जिलों के सारठ, करौं, विद्यासागर और जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं हो रही थी। इसलिए खेती योग्य भूमि में भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से पानी लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गयी है। इसके तहत सिकटिया गांव के पास अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से पानी पाइप लाइन के माध्यम से खेतों में पहुंचेगा और इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इससे इस क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं और मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। योजना के तहत खेती और पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया गया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा पानी मिल सके। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिला के मसलिया और रानेश्वर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेगा लिफ्ट योजना निर्माण प्रारंभ कराया है, जिससे 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। बता दें कि जून में भी शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी की गयी थी, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से सीएम कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके और लोगों को वापस लौटना पड़ा था।

# कामगारों को मिलेगा ₹85 हजार बोनस

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को इस साल 85 हजार रुपये बोनस मिलेगा। इस पर दिल्ली में 8 अक्टूबर को हुई बैठक में यूनियन और प्रबंधन के बीच सहमति बनी। समझौते के मुताबिक बोनस का पेमेंट 21 अक्टूबर से पहले कर दिया जायेगा। बैठक में यूनियन की तरफ से बीएमएस के सुधीर एच घुरदे और मजरूल हक अंसारी, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय और शिवकांत पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार और सीटू के डीडी रामानंदन इसमें शामिल हुए। कोल इंडिया चेयरमैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। वर्ष, 2022 में कामगारों को 76,500 रुपये बोनस मिला था। वर्ष, 2023 में 85 हजार रुपये मिलेगा। इस हिसाब से कामगारों के बोनस में 8,500 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। इस समझौते से कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनियों और एससीसीएल में कार्यरत साढ़े तीन लाख से अधिक कामगारों को फायदा मिलेगा।

### कोयला कामगारों को अब तक मिला बोनस

| | |
|---|---|
| 2014 : 40.000 | 2019 : 64.700 |
| 2015 : 48.500 | 2020 : 68.500 |
| 2016 : 54.000 | 2021 : 72.500 |
| 2017 : 57.000 | 2022 : 76.500 |
| 2018 : 60.500 | 2023 : 85.000 |

## पलटवार में यहूदी देश ढा रहा कहर

# इजरायल-हमास जंग में दो दिन के भीतर एक हजार मौतें

एजेंसी

**इजराइल।** हमास के हमले के बाद इजराइल में मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इजराइल में मरने वालों की संख्या 1000 के पार पहुंच गयी है, जबकि 1500 से अधिक लोग घायल हैं। सार्वजनिक प्रसारक 'कान' और 'चैनल 12' के साथ ही 'हारेत्ज' और 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबारों ने रविवार को मृतकों की संख्या से संबंधित खबरें दी हैं। इस बीच पाकिस्तान और ईरान ने हमास हमले का समर्थन किया है। शनिवार तड़के शुरू हुई लड़ाई के बाद से इजराइल की ओर से मरने वालों की संख्या की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में लड़ाकों समेत 300 से अधिक लोग मारे गये हैं।

इजराइल पर हमास के चरमपंथियों के अप्रत्याशित हमले के एक दिन बाद रविवार को लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने भी एक विवादित इलाके में इजराइल के तीन ठिकानों पर हमला कर दिया, जिससे इस संघर्ष के व्यापक पैमाने पर फैलने की आशंका बढ़ गयी है। हमास के चरमपंथियों ने शनिवार को एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान इजराइल पर अप्रत्याशित हमला कर दिया, जिसमें 26 सैनिकों समेत कम से कम 600 लोगों की मौत हो गयी और कई लोगों को बंधक बना लिया गया। गाजा में कम से कम 3000 लोगों की मौत हो गयी।

इजराइली टेलीविजन ने बंधक या लापता इजराइलियों के रिश्तेदारों की कई वीडियो प्रसारित की, जो अपने प्रियजनों की जान जोखिम में होने के बीच मदद की गुहार लगाते हुए दिखे। गाजा में सीमा के निकट इजराइली हमलों से बचने के लिए निवासी अपने घरों को छोड़ कर भाग गये हैं।



### 27 भारतीय इस्राइल से सुरक्षित निकाले गये

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा है कि विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार युद्धग्रस्त इस्राइल और फिलिस्तीन के कुछ इलाकों में फंसे 27 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय के अनुसार युद्धग्रस्त इलाकों से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित मिस्र पहुंचा दिया गया है। आगे की कार्रवाई अब इन लोगों की सकुशल स्वदेश वापसी के लिए होगी।

**10 नेपाली छात्रों की मौत :** इस्राइल में मौजूदा स्थिति में लगभग 10 नेपाली छात्रों की मौत हो गयी। इस्राइल में नेपाल दूतावास के अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।

# सीएम की मां की तबीयत बिगड़ी

- सांस लेने में हो रही थी परेशानी, हिल व्यू अस्पताल में किया जा रहा है इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का रांची के हिल व्यू अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीती रात सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। संभावना है कि जल्द ही उन्हें अस्पताल से छोड़ भी दिया जायेगा। अभी वह अस्पताल में ही इलाजरत हैं।



### चेस्ट में इंफेक्शन बनी वजह

हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर स्निग्धा रॉय प्रिया ने बताया कि चिंता जैसी कोई बात नहीं है। देर रात उन्हें अस्पताल लाया गया था। सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन की वजह से सांस लेने में समस्या होना बताया है। उनका इलाज हो गया है। अब घबराने जैसी कोई बात नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है।

# पीएलएफआइ उग्रवादियों ने किया जल जीवन मिशन कार्यालय पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के पास जल जीवन मिशन कार्यालय पर कथित रूप से पीएलएफआइ उग्रवादियों के हमले से प्रशासन और पुलिस अफसरों के हाथ-पांव फूल गये हैं। यह वारदात शनिवार देर रात लापुंग थाना क्षेत्र के दोलाइचा गांव में हुई है। इस दौरान कार्यालय में मौजूद 15 लोगों को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया गया। रंगदारी न मिलने से आगबबूला उग्रवादियों ने एक कमरा भी फूंक दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस वारदात में अब तक पीएलएफआइ उग्रवादियों के शामिल होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। इस बीच यह पता चला है कि कुछ दिन पहले जल जीवन मिशन कार्यालय का संचालन करनेवाली कंपनी के साइट इंचार्ज शंटी पटेल ने प्रबंधन को सूचना दी थी कि अंकित सिंह नाम का व्यक्ति खुद को पीएलएफआइ कमांडर बताता है। वह पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। कंपनी ने रंगदारी देने से इनकार कर दिया था।

शंटी पटेल ने रविवार सुबह बताया कि शनिवार देर रात अचानक 20-25 नकाबपोशों ने कार्यालय में चढ़ाई कर दी। जो सामने मिला, उसे बुरी तरह पीटा। यह नकाबपोश खुद को पीएलएफआइ नक्सली कह रहे थे। इस दौरान वे चीखते रहे कि जब तक लेवी नहीं दोगे, तब तक काम नहीं करने दिया जायेगा। इन नकाबपोशों ने बर्बरता करने के बाद एक कमरे को आग के हवाले कर दिया।

डीएसपी (बेड़ो) रजत मणि बाखला का कहना है कि वारदात की जांच की जा रही है। इस वारदात में अंकित नाम के व्यक्ति की भूमिका सामने आयी है। प्रारंभिक जांच में यह नक्सली घटना नहीं है। गांव के ही कुछ युवकों ने जल जीवन मिशन के दफ्तर पर हमला किया है। इन सभी की पहचान हो चुकी है। मुखबिरों का जाल बिछा दिया गया है। पुलिस ने धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिये हैं।

# बंगाल में सीबीआइ की ताबड़तोड़ रेड

- नगर पालिका भर्ती घोटाला केस में हो रही है छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** सीबीआइ रविवार को पश्चिम बंगाल में नगर पालिका में हुए भर्ती घोटाला मामले में छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी पश्चिम बंगाल सरकार में शहरी और निकाय मंत्री के साथ कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, मदन मित्रा और उसके करीबियों के ठिकानों पर कर रही है। ये छापेमारी कोलकाता, कचरापारा, बैरकपुर, हालीशहर, दमदम, उत्तरी दमदम, कृष्णा नगर, ताकी, कमरहाटी, चीतला और भवानीपुर समेत 12 ठिकानों पर की जा रही है। इसके अलावा नगरपालिका भर्ती पर चल रही जांच में शामिल कई लोगों के परिसरों पर कई छापे मारे गये हैं। बता दें कि सीबीआइ ने यह मामला कोलकाता हाइकोर्ट के आदेश पर 21 अप्रैल 2023 को दर्ज किया था।

### जांच में सामने आयी ये बात

अदालत के आदेश के बाद सीबीआइ ने अयान सील और उसकी कंपनी मेसर्स एबीएस इंफ्रोजेन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला था कि पश्चिम बंगाल में नगर पालिका और शिक्षकों की भर्तियों में घोटाला हुआ था। ग्रुप सी और डी की भर्तियों के लिए अयान सील की कंपनी को ठेका दिया गया था और इसी कंपनी के पास पेपर बनाने से लेकर ओएमआर शीट स्कैनिंग और फिर मेरिट लिस्ट निकालने का अधिकार था। इसी का फायदा उठाते हुए सरकारी अधिकारी, मंत्री और इस कंपनी के मालिक ने साजिश रचते हुए मनमाने तरीके से पैसे लेकर गलत भर्तियां की।

## न्यूज रील्स

### अमेरिका में अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन

न्यू जर्सी (एजेंसी)। अमेरिका में सबसे बड़े हिंदू मंदिर, बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम का औपचारिक उद्घाटन रविवार को न्यू जर्सी में किया गया। टाइम्स स्क्वायर से 90 मीटर दक्षिण में स्थित 183 एकड़ के इस मंदिर को बनने में लगभग 12 साल लगे। यह मंदिर 255 फीट लंबा, 345 फीट चौड़ा और 191 फीट ऊंचा है और 183 एकड़ में फैला हुआ है। बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम का उद्घाटन रविवार को हुआ, लेकिन इसके दरवाजे 18 अक्टूबर को आगंतुकों के लिए खुलेंगे।

### वायु सेना को एयर फोर्स डे पर मिला नया फ्लैग

प्रयागराज (आजाद सिपाही)। वायु सेना रविवार को अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर रविवार को भारतीय वायुसेना को नया झंडा मिल गया है। इस तरह नौसेना के बाद वायु सेना को नया ध्वज मिल गया है। नौसेना ने भी पिछले वर्ष ही नया ध्वज अपनाया था। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने वायु सेना की 91 वीं वर्षगांठ के मौके पर यहां आयोजित भव्य समारोह में नये वायु सेना ध्वज का अनावरण किया। इस मौके पर भव्य परेड निकाली गयी।



## दुर्गा पूजा को लेकर दरिया में बैठक, महेंद्र अध्यक्ष और मिथलेश बने सचिव



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दरिया शारदीय नवरात्र को लेकर दरिया, जोगिड़ीह और जगड़ा के ग्रामीणों की बैठक जेपी चौक में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी कुशलचंद प्रसाद मेहता और संचालन महेंद्र प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाने पर गहन विचार मंथन किया गया। जिसके लिये तीनो गावों को जॉन में बांटकर प्रभारीयों को कोष संग्रह की जिम्मेवारी सौंप गयी। इसके साथ ही पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार मेहता उर्फ पप्पू, सचिव मिथिलेश कुमार मेहता, सहसचिव सुभाष कुमार मेहता तथा कोषाध्यक्ष मनोज प्रसाद मेहता को बनाये गये। इसके अलावा 11 लोगों को कार्यकारिणी समिति में जगह दी गयी। अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मेहता ने बताया कि इस साल दरिया का शारदीय नवरात्र आकर्षण का विशेष केंद्र होगा। पूजा समिति के ओर से पंडाल और मूर्ति निर्माण शुरू करा दिया गया है। इसके लिये कारीगरों को बाहर से बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि नवरात्र से लेकर विजयादशमी तक दुर्गा सप्तशती पाठ, संध्या में महा आरती के अलावा अष्टमी-नवमी और दशमी की रात्रि में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन रात्रि जागरण और नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही विजयदशमी को आकर्षक झांकी निकाली जायेगी। जिसमें दर्जनों गांव के भक्त श्रद्धालुओं सरीक होंगे।

## बोंगा पेट्रोल पंप के समीप खड़ी हाइवा चोरी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र के बोंगा पेट्रोल पंप के समीप, शनिवार रात को हाईवा जेएच 02एयु 1357 चेचिस नंबर एमएटी44ए236जेएए02082, इंजन नंबर 81ए84445850 हाईवा की चोरी हो गई। हाईवा मलिक राजेश कुमार ने इचाक थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया कि मेरे ड्राइवर मुकेश कुमार ने रविवार को 6:45 सुबह मे फोन कर बताया कि गाड़ी नहीं है गाड़ी की चोरी हो गई है। आनन-फानन में बोंगा पेट्रोल पंप पहुंचा और सीसी टीवी देखा, जिसमें चार लोग रात्रि के 3:45 में गाड़ी के पास आते हैं और गाड़ी खोलकर स्टार्ट कर इचाक मोड की ओर निकल जाते है।

## गोंसाई बलिया में दुर्गा पूजा समिति का गठन, कमल पुरी बने अध्यक्ष



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गोंसाई बलिया में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कमल पुरी, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार सिंह, सचिव रंजीत नायक, शोले नायक, उपसचिव अरबिंद गिरी, कोषाध्यक्ष मोतीलाल गिरी, महेश यादव, सलाहकार समिति में उग्रसेन गिरी, तुलसी नायक, दर्शन राम, उमेश प्रजापति, प्रमोद गिरी, छोटू प्रजापति, निगरानी समिति में प्रदीप प्रजापति, निर्मल प्रजापति, सुमन गिरी, कृष्ण भूइयां, श्याम साव, किशोर प्रजापति,संतोष वर्मा, मनोज रजवार, देवलाल राम, रमेश गिरी, प्रमेश गिरी, प्रकाश प्रजापति, अमृत रजक,बालक यादव, सुरेश भुइयां, सतेंद्र वर्मा इत्यादि लोगों को बनाया गया और दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनाने का संकल्प लिया गया।

## पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डिस्ट्रिक्ट मोड़ चौक पर कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ज्ञानी मेहता के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक सुखलाल खेड़ा की गिरफ्तारी के विरोध में पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री भगवत मान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ और किसान नेता दिगंबर कुमार मेहता ने कहा कि किसान प्रकोष्ठ राष्ट्राध्यक्ष की गिरफ्तारी भगवत सिंह मान की मनमानी है, इनको अभिलंब रिहा किया जाये। किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ज्ञानी मेहता ने कहा कि राष्ट्र अध्यक्ष सुखलाल खैर को अविलंब रिहा किया जाये। इस अवसर पर इंटक जिला अध्यक्ष मिथिलेश दुबे, बिनोद सिंह, रविंद्र सिंह, केडी सिंह, सुरेंद्र सिंह, मकसूद आलम, महासचिव दिलीप कुमार रवि, विजय सिंह, मुंगेस्वर चौधरी, परवेज अहमद, विजय सिंह, मो मुश्ताक, ललितेश्वर चौधरी, जावेद इकबाल, राजेंद्र मेहता, कृष्णा कुशवाहा, मनोज मेहता, अशोक ठाकुर, रोहन ठाकुर, सोहन मेहता, अनिल कुमार, भैया अजीत सिंह, अजय यादव, सरवन कुमार मेहता ,परमेश्वर रजक, शत्रु यादव आदि उपस्थित थे।

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में रविवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कामकाजी बैठक संपन्न हुई। भाजपा पश्चिमी मंडल के बूथ अध्यक्ष,सचिव और शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल और संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद सिंह जिला प्रवासी के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के संयोजक और अध्यक्ष का सत्यापन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिंहा,पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय भूषण महतो, महादेव मंडल, शंकर प्रसाद बर्मन,संतोष कुमार महतो, पिंकी देवी, राजेश सोनी, जीवन सोनी,महादेव महतो, नन्हकू महतो,हेमलाल साव,सतीश पटेल,लालजी महतो, प्रकाश महतो,शशि लाहकार,मनोज यादव,चेतलाल महतो,हेमंत कुमार महतो,कमरुल अंसारी,निसार,समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सूर्यकुंड उत्सव का आयोजन: सुनील



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सूर्यकुंड परिसर में सूर्यकुंड उत्सव, बरकट्ठा-2023 सह सम्मान समारोह (सांस्कृतिक कार्यक्रम) अयोजन हेतु बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता चंद्रकांत पांडे ने की। सूर्यकुंड उत्सव,बरकट्ठा-2023 के आयोजक जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग(झारखंड) के सचिव सुनील कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों को अंग वस्त्र के साथ, कार्यक्रम का प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेंट करते हुए कहां कि सूर्यकुंड उत्सव आयोजन करने से राज्य पर्यटन विभाग,केंद्र पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के साथ-साथ पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करना अति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में देश,राज्य के नामचीन कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा कला और झारखंड की कलाकृति को प्रस्तुत किया जायेगा। इससे सूर्यकुंड का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ यहां पर्यटकों के आने-जाने से आस-पास रहने वाले स्थानीय लोगों में रोजगार की बढ़ोतरी होगी। सुनील ने बताया कि सूर्यकुंड मेला के पहले छठ या दीपावली के पूर्व संध्या पर पहली बार सूर्यकुंड उत्सव का आयोजन किया जायेगा। कहा कि जल्द ही प्रबंधन समिति का गठन किया जायेगा। आरंभ बैंड के संचालक सह निदेशक अभिजीत कुमार(सोनू) ने कार्यक्रम का लाभ आम जनता को कैसे प्राप्त होगा इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यहां पर रोजगार की संभावनाएं बहुत अधिक है। परमानंद पांडे ने बैठक में अपनी सहमती रखते हुए बैठक की समाप्ति का घोषणा की।

### जयराम महतो के आगमन पर भारी संख्या में पहुंचे लोग

# चौपारन में सरकार के खिलाफ जमकर बरसे : जयराम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड स्टेडियम में संजय मेहता और समाजसेवी भुनेश्वर यादव की अगुवाई में सभा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले 8 अक्टूबर 2023 रविवार को चौपारण प्रखंड मैदान जिला हजारीबाग में बदलाव संकल्प महासभा रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाइगर जयराम महतो उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को वर्षों से उनके हक अधिकारों से वंचित रखा गया है। उनका हक अधिकार उनके हाथों में अब सुरक्षित कर देना चाहिये और यह हक अधिकार तभी सुरक्षित होंगे जब हमारे लोगों को पहचान मिलेगा और वह पहचान 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति बन जाने से होगा। आज झारखंड 23 सालों का हो गया है। लेकिन आज तक पहचान नहीं मिल पाया है कि झारखंडी कौन है। यह लड़ाई झारखंड के लोगों को पहचान दिलाने है। तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आगे नियोजन नीति पर बातें रखते हुए कहा की झारखंड में 60-40 की नीति नहीं चलेगी यहां पर यहां के सरकारी नौकरियों में पहला अधिकार झारखंड के बच्चों को होना चाहिए जिसमें 100 सीटों में 90 झारखंड के बच्चों को और 10 बाहर के बच्चों का ही अधिकार होना चाहिये। परंतु दुर्भाग्य है की झारखंड में ऐसा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की अपनी एक भाषा है, अपनी एक संस्कृति है। झारखंड की भाषा और संस्कृति भी संरक्षित और सुरक्षित होनी चाहिये। सरकार को पहल करनी चाहिये।

अगर कोई सच्चे रूप से झारखंड का विकास चाहता है तो झारखंड की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ, बिजली, पानी, सड़कों की व्यवस्था, रोजगार का सृजन करना लोगों को उनके समर्थता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना होगा। झारखंड में भरपूर संसाधनों के होने के बावजूद यहां की युवा पीढ़ी पलायन कर रही है । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी झारखंड को सुदृढ़ करने के लिए कई योजनायें दी। आजादी के कई वर्षों के बाद भी झारखंड का संपूर्ण विकास नही हो पाया है। सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग के खेल में लगी है, पदाधिकारियों को मनचाहे स्थान पर पोस्टिंग के लिए बड़ा रकम देना पड़ रहा है। सरकार को कहना चाहेंगे आपकी कुकर्मों का हिसाब आपको देना ही होगा। इसकी कीमत चुकानी होगी। संजय मेहता ने अपने संबोधन में कहा की झारखंड राज्य को जिस उदेस्य के साथ अलग राज्य बनाया गया वह 23 वर्षों के बाद भी सार्थक रूप से परिवर्तन नहीं हो पाया है। अभी पूरे राज्य में कई सांसद और कई विधायक ऐसे हैं जो झारखंड राज्य के नही दूसरे राज्य के हैं, हमारे राज्य का युवा पीढ़ी दूसरे राज्यों में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने को विवश है। साथ हीं साथ इस सभा में मोतीलाल महतो ने इस मुहिम से जुड़ने के लिये लोगों से अहवान किया। दिनेश साहू बबन सिंह भुनेश्वर यादव दीपक रवानी उपस्थित रहे।

# दो गाय तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा, भेजे गये जेल

### बड़ी ही क्रूरता से दो गायों को ओमनी गाड़ी में लाद कर ले जा रहे थे तस्कर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव ।** रविवार को सुबह 8 बजे के आसपास ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक ओमनी वैन गाड़ी नो. बिटीम 5547 में दो युवकों द्वारा बड़े ही क्रूरतापूर्वक दो गायों को आंगो पंचायत से चोरी कर लाद कर ले जाया जा रहा है। यह बात तलसवार एवं आंगो पंचायत में आग की तरह फैल गई, लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आंगो देवगढ़ से ही गाड़ी का पीछा किया परंतु चकमा देकर गाड़ी तीव्र गति से भागते हुए पतरा मोड पहुंचा, वहां पर भी रोकने का प्रयास ग्रामीणों द्वारा किया परंतु वहां भी चकमा देते हुए तीव्र गति से गाड़ी भगा दिया। वहीं से ग्रामीणों ने पीछा करते हुए कोयलंग परेवातरी में दोनों को पकड़ा जहां ग्रामीण में देखा कि उक्त ओमनी वैन में दो गायों को बड़े क्रूरतापूर्वक चारों पैरों को एक साथ मिलाकर बांधा हुआ था। साथ ही साथ दोनों गायों को मुंह एवं सर भी खींचकर एक साथ बांधकर सुलाया हुआ था। जिसे आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों गायों को मुक्त कराया गया। उक्त वेन में एक ड्राइवर मुदस्सिर अहमद उम्र लगभग 35 वर्ष पिता बशीर अहमद एवं दुसरा मोहम्मद दानिश रजा उम्र 28 वर्ष पिता स्व. अब्बास दोनों ग्राम बलिया थाना बड़कागांव निवासी है। पूछताछ के क्रम में दोनों आरोपी अपना नाम एवं पता सही-सही नहीं बता रहा था ना ही जानवरों को कहां ले ला रहा है वह भी नहीं बता पाया है। ग्रामीणों के द्वारा जब कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी कर लाने एवं जानवर को कटिंग में भेजने का बात को कबूल किया। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा बड़कागांव थाना को सूचना दिया गया। जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को पकड़कर बड़कागांव थाना ले जाकर दोनों पर मामला दर्ज करते हुए कांड संख्या 317/23 धारा 414 / 34 भादवी 12 / 13 झारखंड गोवंशिए पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11 डी पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के द्वारा दोनों पशु तस्कर मुदस्सिर अहमद एवं मोहम्मद दानिश को जेल भेज दिया गया।

# झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**अध्यक्ष बने मो.हेशाम सचिव मो. इकराम हुसैन**

**नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को श्री बेदिया के द्वारा झामुमों का पट्टा देखकर सम्मानित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के सीरमा पंचायत भवन में झारखंड मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मो. अहद व संचालन मोहम्मद एहरार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं सफीउल्लाह अंसारी, विशेश्वर राम ,संजय भुईयां के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। बेदिया ने कहा की हेमंत सरकार आदिवासी मूलनिवासी के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है गरीब महिला पुरुष के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के योजनाएं चलाए जा रहे हैं।योजना में किसी प्रकार के कोई सीमा नहीं है हर वक्त व योजना पर कार्य चलते रहता है।कल्याण विभाग में नौ जवान साथी एवं गरीब महिला पुरुष लोगों के लिए 50 हजार से लेकर 20 लाख तक ऋण अनुदान पर दे रही है, जो जीस कैटेगरी में आता है उसे कैटेगरी के अनुसार अनुदान सरकार दे रही है। कई प्रकार की योजना चल रहा है जो सीधे तौर पर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।नवनिर्वाचित प्राधिकारियों को श्री बेदिया जी के द्वारा झामुमों का पट्टा देखकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं। संजय सिंह ने कहा संजय सिंह ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा एक आंदोलन पार्टी है जो हमेशा जमीन स्तर पर कार्य करती है।

# कोडरमा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण कार्य अब नये सिरे से, 392.91 करोड़ का आयेगा खर्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** कोडरमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अब नए सिरे से शुरू होगा। एक बार फिर से हुई निविदा में इस बार निर्माण कार्य का जिम्मा पुणे के महाराष्ट्र कंपनी को मिला है। उल्लेखनीय रहे सिंपलेक्स कंपनी के डीबार होने से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अधर में लटकी थी। नए सिरे से निविदा होने पर निर्माण कार्य की लागत 392.91 करोड़ की खर्च आ रही है। बताते चले करमा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधूरा निर्माण कार्य के लिए फिर से निकाले गए निविदा में तीन कंपनियों ने अपने-अपने फार्म के नाम से टेंडर डाले थे। इसमें वेस्कॉम इंजीनियरिंग लिमिटेड पुणे, गौतम कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड असम और जेआरए इंफ्राटेक गढ़वा की कंपनी शामिल है। इसमें जेआरए इन्फोटेक को बीट सिक्योरिटी एसबीडी के अनुरूप नहीं होने के कारण आयोग घोषित कर दिया गया था। इसके बाद बाकी बच्चे दोनों कंपनियों के बीट खोला गया। इसमें न्यूनतम निविदा वैस्कून इंजीनियरिंग कंपनी को झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम रांची के पत्रांक 1593/7/23 द्वारा परिणाम विपत्र की राशि से 5.857 प्रतिशत अधिक दर होने के कारण वार्ता के लिए बुलाया गया था। कार्य की कुल राशि 392.91 करोड़ रुपए पर कार्य करने पर सहमति बनी। इधर निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम रांची के कार्यपालक निदेशक ने एसवीडी के अनुसार संवेदक को अविलंब एसबीडी के प्रपत्र निर्गत करने और संवेदक के सभी मूल दस्तावेज जांच कर इकरारनामा करने की कार्रवाई करने एवं शर्ट के आधार पर कार्य शुरू करने को लेकर प्रबंधन झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम को 4 अक्टूबर 23 को पत्र लिखा है। इधर झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के कोडरमा कार्यपालक अभियंता अशोक रजक ने बताया कि निविदा के बाद विभागीय स्तर से प्रक्रिया जारी है। निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो जायेगी।

## उपायुक्त के समक्ष ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली और प्रदर्शन 12 अक्टूबर को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की नियमविली के तहत मजदूरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा की खरीदारी में हो रहे विलंब के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष 12 अक्टूबर को ढिबरा मजदूरों की हाहाकार रैली आयोजित की गई है। रैली का आयोजन माइका वर्कर्स यूनियन ने किया है। माइका वर्कर्स यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी तथा सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत 17 जनवरी को ही नियमावली के तहत ढिबरा खरीदारी के काम का बकायदा उद्घाटन कर चुके हैं, लेकिन अफसोस कि खान एवं भूतत्व विभाग तथा जेएसएमडीसी के अधिकारियों की सुस्ती के कारण स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है। नियमावली के तहत ढिबरा पर सरकार का एकाधिकार कायम हो चुका है। ऐसे में खरीदारी शुरू नहीं होने से लाखों ढिबरा मजदूरों की हालत बेहद खराब हो गई है। त्योहारों का मौसम आ गया है लेकिन मजदूरों का चूल्हा ठंडा पड़ा है। सरकार की कुव्यवस्था के शिकार मजदूरों में हाहाकार की स्थिति है। सरकार की वाहवाही की जगह आलोचना हो रही है।

## ढिबरा लोड टेंपो जब्त, चालक फरार



कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई में कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ढिबरा लोड एक टेंपो को जप्त किया है। थाना प्रभारी द्वारिका राम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार ढिबरा लोड टेंपो डोमचांच से कोडरमा की तरफ आ रही थी। इसी दौरान कोडरमा थाना की गशती टीम ने टेंपो को जप्त किया। हालांकि इस दौरान पुलिस की गाड़ी को देखकर टेंपो का चालक टेंपो को छोड़कर फरार हो गया। टेंपो में करीब एक टन ढिबरा लोड है। इसकी कीमत लगभग 50 हजार बताई जा रही है। जप्त करके कोडरमा थाना परिसर लाया गया। कोडरमा पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए ढिबरा लोड टेंपो को वन विभाग को सौंप दिया जा रहा है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्रामीण सड़क योजना




चंदवारा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को शहरी क्षेत्रों की सड़कों से जोड़ना है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो को शहरों में जाने में किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसी उद्देश्य से चंदवारा प्रखंड के चंदवारा रांची पटना मुख्य मार्ग चंदवारा एनएच 31 से पुरनाथाम करमा तक लगभग 8.5 किलोमीटर तक 4 करोड़ 50 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। परन्तु उक्त निमार्णाधीन सड़क में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता में हेर-फेर करते हुए पूर्ण रुप से मानक विहीन कार्य किया जा रहा है। एक भी समय रोड पर पानी नहीं डाला जा रहा है ओर न ही ब्राइवेटर का उपयोग किया जा रहा है। वही विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया के बाद अपनी आंखें मूंद लीं। आलम ये है कि लगभग 15 दिन पहले बनी सड़कें एक बारिश भी नहीं झेल सकी हैं। जहां एक ओर निर्माण कार्य चल रहा होता है वहीं दूसरी ओर सड़क खराब होना शुरू हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ने सारे नियम कायदों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया है। चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा ने कहा कि सड़क ढलाई के समय अगर जेई मौजूद रहते है तो सड़क का आज यह बुरा हाल न होता। इससे प्रतीत होता है कि संवेदक और जेई के मिली भगत से सड़क निर्माण कार्य मे बंदरबांट किया जा रहा है।

## बड़कागांव कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका तीन लोगों ने दिया पार्टी से इस्तीफा



बड़कागांव। प्रखंड कांग्रेस कमेटी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस पार्टी के तीन कद्दावर नेता एक साथ पार्टी को इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से बड़का गांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि हरली गांव निवासी उपेंद्र कुमार, कांग्रेस महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नापो निवासी गीता देवी एवं कांग्रेस सेवा दल के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा ने अपने लेटर हेड पर निजी कार्यो का हवाला देते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दी है। सभी लोगों अपने-अपने इस्तीफा में कांग्रेस पार्टी के लिए 15 से 20 साल से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए काम करने की बात कही परंतु अभी अपने निजी कार्यों के व्यवस्था की वजह से कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। बताते चले की यह तीनों नेताओं कांग्रेस पार्टी के लिए बड़कागांव प्रखंड में अपना एक अलग पहचान रखते हैं।अब यह तीनों नेताओं को कांग्रेस से चले जाने से वर्तमान कांग्रेस विधायक को कहीं ना कहीं नुकसान उठाना पड़ सकता है। इधर इस कांग्रेस पार्टी से तीनों नेताओं के इस्तीफा देने के साथ ही बड़कागांव प्रखंड में राजनीतिक गरमा गई है और यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर यह तीनों नेताओं कि आगे की रणनीति क्या होगी। कौन से पार्टी में आगे चलकर ज्वाइन करेंगे सभी लोगों के जहां में यह सवाल उठ रहा है।

## बुंडू से हल्दी कोचा सड़क कीचड़ में तब्दील



केरेडीरी (आजाद सिपाही) केरेडारी प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बुंडू पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बटुका से पनघाटा नदी तक रोड का स्थिति गांव की सड़क बारिश से कीचड़ में तब्दील हो गया है। काफी दिनों से चल रहे कोयला चेक एम.ई.सी.एल.कंपनी ने ट्रांसपोर्टिंग करके रास्ते को जर्जर कर दिया है। यह सड़क केरेडारी मुख्य पथ से बुंडू बटुका होते हुए हल्दी कोचा तक जाती है जिसकी लंबाई तकरीबन 4 किलोमीटर है जिसमे दूरी में कई गांव बसे हुए हैं। इस सड़क से सैकड़ों लोगों को प्रतिदिन आना जाना होता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि बरसात के दिनों में इस पर सफर करना काफी कठिन होता जा रहा है। प्रभावित गांवों तक वाहनों का पहुंचना मुशिकल हो जाती है वाहनों का परिचालन को भी बंद कर दिया जाता है सबसे ज्यादा कष्ट गर्भवती महिलाएं तथा बीमार लोगों को होता है ये सुविधा के अभाव में कल के होने वाले भविष्य पढ़ रहे छात्र छात्राओं के साथ-साथ राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं स्थानीय मुखिया तुलसी तुरी को पूछे जाने पर कहा सड़क निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च होंगे इतना पैसा पंचायत के पास नहीं है लाचार ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंपा लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है ज्ञापन देने वाले ग्रामीण में रंजीत महतो,अशोक महतो, उदयनाथ महतो,विनोद बिहारी महतो, चतुर्भुज शर्मा,कालेश्वर महतो,नंदलाल महतो,कृष्ण आत्मा,कृष्णा बलराम महतो,विष्णु,महेंद्र कुमार,चंदन कुमार,भी शर्मा,कुलदीप कुमार,शिव शंकर कुमार व धर्मनाथ महतो उपस्थित थे।

## आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत संकल्प सप्ताह अंतर्गत समृद्धि दिवस नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर से चयनित कोडरमा जिला के आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीदियों के बीच प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, वित्त समावेशन पर प्रशिक्षण सह अनमौखिकरण, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना पर चर्चा, आजीविका वृद्धि पर चर्चा, विभिन्न प्रशिक्षणों पर चर्चा किया गया। कुल 1 करोड़ 82 लाख की लिंकेज डुम्मी चेक, 8 मुद्रा लोन स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया। साथ ही साथ मरकच्चो के टेलोडीह मे नए बीज एवं खाद की दुकान का फीता काट कर उद्घाटन भी किया गया।

# आपकी एकजुटता और प्रण के कारण हो रहा भव्य राम मंदिर का निर्माण: जयंत सिन्हा

सांसद ने हजारों रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर धर्मसभा के लिए किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शौर्य जागरण यात्रा के संपन्न होने और 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर बजरंगदल के स्थापना दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित विशाल धर्मसभा के लिए रामभक्त रांची रवाना हुए।

इस दौरान कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे हजारों की संख्या में रामभक्तों और माता बहनों को पटेल चौक सैनी होटल के सामने हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने पुष्पवर्षा कर रवाना किया। सैकड़ों वाहनों से रांची रवाना हुए रामभक्त जिले के सभी क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पटेल चौक पर पूर्वाहन 11 बजे एकत्रित हुए। जिसका नेतृत्व विश्वहिंदू परिषद् बजरंगदल के जिला मंत्री छोटू वर्मा कर रहे थे। मौके पर सांसद का सभी रामभक्तों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। साथ ही महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर जयंत सिन्हा का अभिवादन किया।

इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित कारसेवकों और रामभक्त माताओं बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को धार्मिक को लेकर विदाई करते हुए मुझे आपार हर्ष हो रहा है। साथ हीं आपकी एकजुटता और प्रण के कारण आज हम भव्य राममंदिर बनते देख पा रहे हैं।



### कार्यक्रम में मुख्य रूप से ये थे उपस्थित

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश तिलकराज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, वरिष्ट भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, आनंद बेदिया, भाजपा महामंत्री रंजन फौजी, मंत्री वसुध तिवारी, कारसेवक विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, धर्मप्रसार जिला प्रमुख सह महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पाठक, निवर्तमान कैंट मंडल अध्यक्ष सह वरिष्ट भाजपा नेता राजीव पामदत्त, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, जितेंद्र आदि उपस्थित थे।

### जिला मंत्री छोटू वर्मा ने सांसद का जताया आभार

वहीं जिला मंत्री छोटू वर्मा ने इस अवसर पर सांसद का आभार जताते हुए कहा कि धर्मसभा हेतु प्रस्थान कर रहे श्रद्धालुओं का स्वागत और पुष्पवर्षा कर उनका विदा करना हम सभी के मनोबल को बढ़ाता है। साथ ही हमें सनातन धर्म के कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं का नेतृत्व कर रही शिक्षिका सह जिला संयोजिका (मातृशक्ति) सिंधु झा ने कहा कि आज हमारी एकता और बजरंगदल के कार्यकताओं के समर्पण ने टेंट में निर्वासित जीवन जी रहे हमारे अराध्य भगवान श्रीराम जी को अयोध्या में निर्मित हो रहे भव्य राममंदिर में पहुंचा दिया। जिसकी प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहा है।

# वन प्रमंडल जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में शामिल हुए श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता

उन्होंने कहा कि श्रम विभाग में 17 हजार बहाली की वेकेंसी निकाली गयी है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** गत एक सप्ताह से दक्षिणी वन प्रमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलाये गये जागरूकता अभियान के समापन समारोह में रविवार को सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता मिश्रोल हाई स्कूल मैदान में पहुंचे, जहां पारंपरिक तरीके से स्वागत के बाद मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में वन तथा वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन पर प्रकाश डाला गया। श्री भोक्ता ने अपने संबोधन में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जिक्र कर योग्य लोगों से लाभ लेने के लिए प्रेरित किये। बताया कि बेरोजगार युवाओं को 1 हजार तथा युवतियों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह भत्ता दिया जा रहा है। साथ हीं, श्रम विभाग में 17 हजार बहाली की वेकेंसी निकाली गयी है। बताया कि कच्चे मकानों की मरम्मती व जलावन के लिये पहले वनों की कटाई होती थी पर अब कोयला व गैस की सुलभ उपलब्धता से बहुत कम हुवा है। मंत्री ने सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के आग्रह पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत टंडवा में ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा किये। डीएफओ मुकेश कुमार बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक तथा प्रोत्साहित किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र में वनों के संकुचन तथा एनओसी संबंधित पूछे गये सवाल के जबाव में बताया कि देशहित को देखते हुवे विभाग द्वारा अनापत्ति दी जा रही है। पर, नियमानुसार प्रबंधन से चार गुणा पौधारोपण क्षेत्र या समतुल्य मूल्य और उसपर लगाये जाने वाले पेड़ों का 10 वर्षों तक रख-रखाव का खर्च भी वसूल करती है। इस दौरान वन विभाग ने हांथी भगाने वाला दो सायरन मशीन बांटे। जबकि प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ग के स्कूली बच्चों में प्रतिभागी चित्रकारी में विजेता प्रथम अदिति राज, द्वितीय शिवरंजन कुमार, तृतीय नैना कुमारी तथा 9 से 12 वर्ग के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय निशु कुमारी और तृतीय अंकित साहु पुरस्कृत किये गये। जबकि निबंध प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 8 के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय नंदनी कुमारी तथा तृतीय बादल और वर्ग 9 से 12 वर्ग के प्रथम मधु कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी तथा तृतीय रिंकी कुमारी समेत अन्य 17 लोगों को सांत्वना पुरस्कार मंच पर दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षु अधिकारी वाग पवन शालिग्राम, रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, सीओ राजेंद्र दास, बीडीओ रामनारायण खलखो, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुभाष यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, सुमन भारतीय समेत सैंकड़ों स्कूली बच्चे, वनकर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रामगढ़ जिला समिति की बैठक रविवार को भुरकुंडा में हुई। इसकी अध्यक्षता परमेश्वर प्रसाद और संचालन ब्रजेश पांडेय ने किया। बैठक में बतौर अतिथि मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष दर्शन गंझू उपस्थित थे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों के महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर दर्शन गंझू ने कहा कि अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर लोगो ने अपना खून-पसीना बहाया है। सरकार अलग राज्य की मांग को लेकर जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से पेंशन और नियोजन नीति का लाभ दे। इसके साथ ही सभी सरकारी नौकरियों में आंदोलनकारियों के आश्रितों को द्वितीय और तृतीय श्रेणी की नौकरी में सीधा लाभ दे। मौके पर ब्रहमदेव महतो, भागीरथ महतो, टिकेश्वर महतो, जगदेव महतो, अशोक रजक, बाबुलाल महतो, मोहन तिवारी, झलकु बेदिया, नरेश, जितू बेदिया, लालु सहित कई लोग मौजूद थें।

## राशन दुकान में चोरी करता एक नाबालिग चोर धराया, निशानदेही पर तीन और हिरासत में

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा कोयलांचल बाजार सहित आसपास के क्षेत्रो में पिछले दो महीनो से चोरो ने आतंक मचाते हुये करीब एक दर्जन से अधिक दुकानो और घर को अपना निशाना बना कर चोरी कर परेशान कर रखा था। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार मैराथन प्रयास कर रही थीं। लेकिन पुलिस कामयाब नही हो पा रही थी। शनिवार की रात्रि भुरकुंडा पुलिस ने राहत की सांस ली। जब हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुंडा में मो असगर के राशन दुकान में चोरी करते स्थानीय लोगो ने एक नाबालिक चोर को धर दबोचा। वहीं दो चोर भागने में कामयाब रहें। पुलिस ने पकडे गये नाबालिक चोर के निशानदेही पर जवाहरनगर के एक घर से तीन लोगो को हिरासत मे लिया। पुछताछ मे चोरो ने अपनी संलिप्तता स्वीकार ली। चोरी के पास से चोरी के समान भी बरामद हुई है। जानकारी अनुसार चोरो के गैंग में सात लोग है। जिसमें से चार को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं तीन अन्य को पकडे के लिये भुरकुंडा पुलिस छापामारी कर रही है।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने भुरकुंडा बाजार में दर्जनों गरीबों को कराया भोजन




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा दर्जनों गरीबों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पितरपक्ष के अवसर पर भाजपा नेता योगेश दांगी, मुन्ना मिश्रा व अशोक झा द्वारा अपने बुर्जुर्गों के आत्मा की शांति के लिए गरीबों को भोजन कराया गया है। उन्होंने बताया कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राकेश शर्मा, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## स्कूटी चोरी मामले में दो गिरफ्तार, नदी से स्कूटी बरामद

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र का अरगड्डा निवासी प्रज्ञा कुमारी पति दीपक कुमार राम ने अपनी स्कूटी संख्या जेएच 24जे 9677 की चोरी हो जाने की प्राथमिक की रामगढ़ थाना में कराई थी। पुलिस ने कांड संख्या 227/23 अंकित करते हुए मामला की छानबीन में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने अरगड्डा के ही दो लोगों को पूछताछ कर लिए रामगढ़ थाना बुलाया। पूछताछ में दोनों चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए चोरी की गई स्कूटी को अरगड्डा के दामोदर नदी किनारे से पुलिस ने बरामद कर ली। इधर, पुलिस ने गिरफ्तार इस्तेफाक खान उर्फ गुड्डू खान पिता सफीक खान और छोटू मुंडा पिता स्व पूरन मुंडा को रविवार को जेल भेज दी।

# भाषा और साहित्य के विकास में जो बन पायेगा, वह किया जायेगा: नीलम कुमारी

खोरठा विषय में आठवीं कक्षा की पुस्तक का हुआ विमोचन, 37 लेखक और कवियों की रचनाओं को किया गया शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड अधिविध परिषद के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रकाशित खोरठा विषय में आठवीं कक्षा के पुस्तक का विमोचन रविवार को किया गया। खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तक को खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के प्रधान कार्यालय ओहदार भवन पटेल चौक रामगढ़ में विमोचित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार मातृभाषा की पढ़ाई से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं, उसका समाधान हमारी जूरिडिक्शन में किया जायेगा। मतलब जिले में खोरठा भाषा के शिक्षकों को खोरठा परिषद के साथ मिलकर के ओरिएंट किया जायेगा। इस भाषा और साहित्य के विकास में जो बन पायेगा वह किया जायेगा। स्वागत और विषय प्रवेश परिषद के अध्यक्ष डॉ बीएन ओहदार ने किया। पुस्तक का संबंध में कहा गया है कि यह पुस्तक 114 पन्ने की है। जिसमें खोरठा के नामचीन लेखक, साहित्यकार, विद्वानों के संपादन मंडल द्वारा संपादित किया गया है। कुल 37 लेखक और कवियों की रचना को सम्मिलित किया गया है।




**ये थे उपस्थित:** विशिष्ट अतिथि रूप शिक्षाविद बलराम सिंह, वासुदेव महतो, पन्नालाल राम, दिनेश कुमार दिनमणि, परिषद के अध्यक्ष डॉ बी एन ओहदर, खोरठा के विद्वान लुआठी के संपादक गिरधारी गोस्वामी, अकाशखुट्टी, श्याम सुंदर महतो, सुकुमार, श्याम सुंदर केवट, कवित्री गुलाचो कुमारी, खोरठा के शिक्षक प्रोफेसर, राधा गोविंद विश्वविद्यालय जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभाग अध्यक्ष अवतार अजनबी, भोला महतो, मुंशी महतो, रामगढ़ कॉलेज के प्राध्यापक बीरबल महतो, रामगढ़ महिला कॉलेज के प्राध्यापक प्रो पूर्णकांत कुमार, चितरपुर कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक नागेश्वर महतो, विनय ओहदार, राधेश्याम साहू, सुनील कुमार महतो, मोइन, घनश्याम महतो, प्रीतीश ओहदार, सिद्धांत, डॉ कृष्ण गोप उपस्थित थे।

# हृदय रोग से बचने के लिए तैलीय खानों से करें परहेज : डॉ महेश

भारत विकास परिषद का यह सामाजिक पहल आगे भी जारी रहेगा: अमित साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा में स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन चितरपुर के सोढ स्थित व अजय ग्रीन गणेशा कंपलेक्स के परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर महेश कुशवाहा एवं भारत विकास परिषद के वरीये पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर रामगढ़ के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉक्टर आलोक रतन चौधरी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में सार्थक एवं सकारात्मक योगदान रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग एक सौ ज्यादा मरीजों को निशुल्क जांच किया गया। सभी मरीजों का निशुल्क बीपी एवं शुगर जांच किया गया। पचास से अधिक मरीज का निशुल्क ईसीजी जांच किया गया। इस अवसर पर रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा ने मरीज को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हृदय रोग से बचाना है तो जंक फूड से परहेज करना पड़ेगा एवं तैलीये खाने से बचना पड़ेगा। इस अवसर पर रामगढ़ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि दातों का नियमित साफ-सफाई रखने से ही दांत के रोगों से छुटकारा मिल सकता है। भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा डॉक्टर महेश कुशवाहा एवं डॉक्टर आलोक रतन चौधरी का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।




### कौन कौन थे उपस्थित

इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के कार्यक्रम संयोजक निलेश गुप्ता, भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मनमोहन सिंह लांबा ,अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता समेत रांची से आए हुए रवि कुमार, अनिल कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## ओरला में आदिवासी बचाओ जनसभा तैयारी को लेकर बैठक, शामिल हुई पूर्व शिक्षा मंत्री

# आदिवासी अपना अस्तित्व, पहचान और गरिमा को बचाने में हों एकजुट : गीता उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओरला पंचायत भवन में आदिवासी बचाओ जनसभा तैयारी सह आदिवासी समाज जागरूकता अभियान को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र मुंडा व संचालन पूर्व मुखिया निर्मल करमाली ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिवासी समन्वय समिति झारखंड के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा, मिहिरचंद मुंडा, नरेश मुंडा, राम रतन मुंडा शामिल रहे। बैठक के दौरान गीता श्री उरांव ने मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज द्वारा आदिवासियों के हक और अधिकार छीनने के लिए एसटी सूची में शामिल होने को लेकर आंदोलनरत है। ऐसे गैर आदिवासी जाति को आदिवासी समाज में जुड़ने से हम सभी हक व अधिकारों से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आदिवासी अपना अस्तित्व, पहचान और गरिमा को बचाने के लिए हम सभी एकजुट होकर ही आदिवासी धरोहर व परम्परा को बचा सकते है। जरूरत पड़ने पर हम सभी को अपनी एकजुटता ताकत के साथ सड़क से सदन तक आंदोलन करने की आवश्यकता है। कहा कि कुर्मी समाज द्वारा किया जा रहा आंदोलन आदिवासियों के लिए खतरे की घंटी है। हमें ग्राम व जिला स्तरीय विशाल आदिवासी सम्मेलन कर जन-जन तक कुर्मी समाज को एसटी दर्जा न मिले, इसके लिए रणनीति बनाकर संवैधानिक तरीके से विरोध करने की अपील की। उन्होंने कुर्मी समाज के पक्ष में सरकार पर भी मौन समर्थन करने का आरोप लगाया है। बैठक के दौरान होने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन को लेकर तैयारी समीक्षा की। साथ ही, विभिन्न संगठनों में बंटे आदिवासी समाज एकजुट होने की अपील की। मौके पर सोमदेव करमाली, पवन करमाली, दीपक उरांव, राजू मुंडा, मनीष उरांव, अभिषेक उरांव, छोटू बेदिया, राजेश मुंडा, श्यामदेव मांझी, हीरालाल मांझी, नरेश हेम्ब्रोम, सुनील मुंडा, मुकेश मुंडा, संजय मुंडा, रानी देवी, ममता देवी, सविता देवी, गायत्री देवी, अनूप देवी, राहुल करमाली, विनोद मुंडा समेत समाज के कई लोग मौजूद रहे।



## श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने परिजनों से की मुलाकात



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव बुढाखुखरा महादेव टोला निवासी स्व बालदेव महतो के श्राद्ध कर्म में शामिल हुई रामगढ़ विधायक सुनीता और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की उनके पुत्र बाबूलाल महतो महेंद्र महतो और उनके परीवार से मिल कर स्व बालदेव महतो की आत्मा की शान्ति के लिए प्रभु से कामना की और विधायक सुनिता चौधरी अपने परिवार के सदस्यों से कहा कि सुख-दुख में हम आपके साथ हमेशा रहते आए हैं और सदैव सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर रामगढ़ जिला जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष व कुंदरु कलां मुखिया किसुन राम मुंडा मुख्य रूप से शामिल थे। इस मौके सोमनाथ महतो, सुनिता देवी, सोहा देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, दिनेश महतो, अरविंद महतो, विश्वनाथ महतो सुखदेव महतो सहित शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।

## किड्स स्कूल, दिगवार में अभिभावकों संग शिक्षकों की बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल, दिगवार में अभिभावक संग शिक्षक की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने की। बैठक के दौरान अभिभावकों को शिक्षकों ने विद्यार्थियों की विद्यालय परिवार द्वारा मिल रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही, बच्चो को शिक्षा के प्रति सजगता रहने का संदेश दिया। मौके पर प्रधानाध्यपिका रोजी परवीन, शिक्षक निक्की सिंह, विधि शुक्ला, शर्या शर्मा, अंजली कुमारी, तनुजा मिश्रा, प्रीति कुमारी समेत कई अभिभावक मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ने सीसीएल अस्पताल व राज नर्सिंग होम भुरकुंडा में मरीजों के बीच फूड पैकेट का किया वितरण




भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। विश्व लायंस सेवा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा रविवार को मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा व ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया। फूड पैकेट वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायंस माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, विजयंत, संजय सिंह, अशोक, राजेंद्र महतो, शिवा प्रसाद, निर्मल, विजय, अखिलेश, प्रमोद, अजय सिंह, राजेश आदि का विशेष योगदान रहा।

## सीसीएल: मगध संघमित्रा जीएम नृपेंद्र नाथ ने फुटबॉल टूर्नामेंट का फीता काट कर किया उद्घाटन



टंडवा (आजाद सिपाही)। मगध संघमित्रा क्षेत्र सीसीएल द्वारा सी एसआर के तहत ग्रामीण फुटबॉल टूनार्मेंट का बिरसा मैदान देवलगडा में परियोजना जीएम नृपेंद्र नाथ द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया किया। मौके पर जीएम श्रीनाथ ने बताया कि खिलाड़ियों की मानसिकता, शारीरिक विकास और आत्मनिर्भरता के लिए सीसीएल सीएसआर योजना के तहत विस्थापित प्रभावित गांवो में विकास कार्य कर रही है, उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यदि आप बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो सीसीएल द्वारा राजकीय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक युवाओं को फुटबॉल के खेल में करियर बनाने का अच्छा मौका हो सकता है। वही उद्घाटन मैच मासिलौंग बनाम नई पारम टीम के साथ खेला गया। जिसमे मासिलौंग की टीम ने 1-0 हराकर उद्घाटन मैच जीतने का सफलता पाया। मौके पर स्थानीय सराढु मुखिया, आर केएमयू नेता मो जहुर, मगध पीओ एस सत्यनारायण, समस्त ग्रामीण अभिभावक, अधिकारी, कर्मचारी, आस पास गांव के फुटबॉल क्लब के आयोजक शामिल हुये। 5 दिनों तक चलने वाली इस टूर्नामेंट मे 32 टीम भाग का शामिल है।

## इस्लामिया उच्च विद्यालय में समाज के नवनिर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर गोष्ठी का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। इस्लामिया उच्च विद्यालय रिभर साईड भुरकुंडा प्रांगण में ऑल इंडिया आयडल टीचर एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे अभियान के तहत रविवार को समाज के नवनिर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। सत्येंद्र पांडेय ने कहा कि शिक्षकों का मूल मंत्र छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनाना है। मुख्य अतिथि डॉ मनोज कुमार (एचओडी इएनजी. जेसीबी) ने कहा कि शिक्षकों को अपनी भूमिकाओं का सही तरीके से निर्वाहन करना चाहिए। शिक्षकों को आदर्श, कर्तव्यनिष्ठ और समाजिक होना चाहिए। मौके पर सरफराज आलम, डॉ. मनोज कुमार सत्येंद्र पांडेय, राहुल कुमार, अभय यादव, राजेश वर्मा, विनय कुमार, डॉ. एसजे अख्तर, अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी नसीम अख्तर, सुफियां अख्तर, डॉ. शकील अमद, शिक्षक अब्दुल, अरशद आदि मौजूद थें।

# मालदीव में सत्ता परिवर्तन और भारत

मालदीव के लोकतंत्र के संक्षिप्त इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति को दूसरे कार्यकाल के लिए दोबारा नहीं चुना गया। विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू ने 30 सितंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। यह देखते हुए 1190 से अधिक द्वीपों वाला मालदीव रणनीतिक रूप से हिंद महासागर में व्यापार के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के करीब स्थित है। इस देश के चुनावों ने काफी अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। लगभग कुछ महीने पहले यह उम्मीद की जा रही थी कि राष्ट्रपति चुनाव पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन और वर्तमान राष्ट्रपति इब्राहीम मोहम्मद सोलिह के बीच होगा। हालांकि भ्रष्टाचार के आरोप में पूर्व राष्ट्रपति यामीन की गिरफ्तारी के बाद उनके शिष्य मोहम्मद मुइज्जू 2023 के चुनावों के लिए प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार के रूप में उभरे। माले शहर के वर्तमान मेयर मोहम्मद मुइज्जू राष्ट्रपति यामीन के प्रशासन में आवास मंत्री थे और उन्होंने चीन-मालदीव मैत्री सेतू के संचालन में अहम भूमिका निभायी थी। यूनाइटेड किंगडम में शिक्षा प्राप्त और प्रशिक्षण से सिविल इंजीनियर मोहम्मद मुइज्जू एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में चुनावों से पहले उभरे थे। सोलिह ने कोविड महामारी से निपटने के लिए एक सक्षम प्रशासक के रूप में प्रतिष्ठा हासिल की थी। उन्होंने न्यूनतम वेतन नीति, 6 महीने का पेड मातृत्व अवकाश और एक महीने का पेड पितृत्व अवकाश जैसी प्रगतिशील नीतियां लागू कीं। हालांकि सत्तारूढ़ मालदीवियन डैमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) में काफी अव्यवस्था थी। प्राथमिक चुनाव के दौरान पार्टी के नेतृत्व के लिए राष्ट्रपति सोलिह और संसद अध्यक्ष नशीद के बीच एक तीव्र और कड़वा अभियान चला। ऐसी चिंताएं थीं कि संसदीय अध्यक्ष नशीद के समर्थक प्राथमिक चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति सोलिह का पूरी तरह से समर्थन नहीं कर सकते हैं। नशीद ने एमडीपी छोड़ दी और डैमोक्रेट में शामिल हो गये। 9 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव का पहला दौर लगभग 8 उम्मीदवारों के साथ हुआ। प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू को लगभग 46.06 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त हुआ, जबकि वर्तमान राष्ट्रपति सोलिह को लगभग 39.09 प्रतिशत वोट मिले। चूंकि राष्ट्रपति पद का कोई भी उम्मीदवार 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं कर सका इसलिए बाद में एक रन-ऑफ चुनाव का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्षी नेता मोहम्मद मुइज्जू ने 54 प्रतिशत वोट के साथ चुनावी जीत दर्ज की और वर्तमान राष्ट्रपति सोलिह को 46 प्रतिशत वोट मिले। राष्ट्रपति सोलिह ने विनम्रतापूर्वक चुनाव स्वीकार कर लिया।

**यह देखते हुए 1190 से अधिक द्वीपों वाला मालदीव रणनीतिक रूप से हिंद महासागर में व्यापार के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के करीब स्थित है। इस देश के चुनावों ने काफी अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पश्चिमी अफ्रीकी देशों में हाल ही में कुछ हुए तख्ता पलट को, जिसे आम बोलचाल की भाषा में तख्ता पलट बैल्ट भी कहा जाता है, एक बार फिर अफ्रीका में जारी यूरोपीय हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित किया है। एक और खिलाड़ी है जिसका समान रूप से हिंसक व्यवहार अंततः अब पूरे अफ्रीका में है। वह है पीपुल्ज रिपब्लिक ऑफ चाइना। नाइजर पश्चिमी अफ्रीका का अंतिम देश बन गया है, जहां जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी के सफल तख्तापलट के बाद सेना ने नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है।**

# पश्चिम अफ्रीका के विकास और स्थिरता में भारत दे अपना योगदान

मनीष तिवारी

वाशिंगटन पोस्ट की एक हालिया रिपोर्ट ने दास व्यापार की विचित्र प्रथा में ब्रिटिश शाही परिवार की प्रत्यक्ष भागीदारी को रेखांकित किया है। ग्रेट ब्रिटेन के राज परिवार अफ्रीकी और एशियाई महाद्वीपों के लालची शोषण में अकेले शामिल नहीं हैं। यूरोप में कई अन्य शाही घराने ऐसे और अन्य भयानक अत्याचारों में अपनी पिछली संलिप्तता से निरंतर सम्पत्ति अर्जित करते हैं। दुर्भाग्य से यूरोपीय लोगों ने एशिया और अफ्रीका के लोगों को उनके शोषणकारी कब्जे के लिए कभी भी मुआवजा नहीं दिया है और न ही ईमानदारी से कभी माफी मांगी है जिसने मानव और सामग्री को नष्ट कर दिया है।

पश्चिमी अफ्रीकी देशों में हाल ही में कुछ हुए तख्ता पलट को, जिसे आम बोलचाल की भाषा में तख्ता पलट बैल्ट भी कहा जाता है, एक बार फिर अफ्रीका में जारी यूरोपीय हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित किया है। एक और खिलाड़ी है जिसका समान रूप से हिंसक व्यवहार अंततः अब पूरे अफ्रीका में है। वह है पीपुल्ज रिपब्लिक ऑफ चाइना। नाइजर पश्चिमी अफ्रीका का अंतिम देश बन गया है, जहां जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी के सफल तख्तापलट के बाद सेना ने नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है।

नाइजर बुकना फासो, गिनी, माली और चाड के बाद आता है। अगस्त 2023 के अंत में गैबॉन द्वारा इसका उत्तराधिकारी बना दिया गया। वे सभी पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेश हैं। पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश सूडान में भी अक्टूबर 2021 में सैन्य तख्तापलट हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि सूडान को छोड़ कर इन सभी देशों में तख्तापलट का स्पष्ट कारण क्षेत्र पर फ्रांसीसी आर्थिक और सैन्य प्रभाव जारी रहना है। अफ्रीका में इसके पूर्व उपनिवेशों में फ्रांस विरोधी भावनाओं में वृद्धि हुई है।

**पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश सूडान में भी अक्टूबर 2021 में सैन्य तख्तापलट हुआ था।**



**चीन ने अफ्रीका का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन कर इस रिक्त स्थान को भर दिया है। इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ते इस्लामी कट्टरवाद से निपटने में फ्रांसीसी सेना को अक्षमता के साथ-साथ फ्रैंकफाइल अभिजात वर्ग के खिलाफ भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने क्षेत्र में फ्रांसीसी विरोधी भावनाओं को तेज कर दिया है।**

पश्चिमी अफ्रीकी देशों ने मांग की है कि फ्रांसीसी सैनिक क्षेत्र छोड़ दें और उनके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद कर दें। इसके परिणामस्वरूप फ्रांसीसी दूतावासों और सैन्य बैरकों का विरोध प्रदर्शन और हमले हुए हैं। माली और नाइजर में स्थानीय आबादी की बढ़ती दुश्मनी के कारण फ्रांसीसियों को अपने दूतावास छोड़ने और क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्षेत्र में इस तरह की फ्रांसीसी विरोधी भावनाओं के बढ़ने के कारण और भारत पर इसके संभावित प्रभावों को समझने से पहले कुछ ऐतिहासिक संदर्भ का जिक्र करना आवश्यक है।

फ्रांसीसी साम्राज्य मानव इतिहास में सबसे शक्तिशाली साम्राज्यों में से एक था। अपने चरम पर इसने दुनिया के लगभग 10 प्रतिशत भूमि क्षेत्र को नियंत्रित किया, जो दक्षिणी पूर्वी एशिया से लेकर पश्चिम अफ्रीका तक फैला हुआ था। विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में फ्रांसीसी प्रभाव किसी भी अन्य यूरोपीय शक्ति की तुलना में प्रबल था। पश्चिम अफ्रीका के लगभग 17 आधुनिक राष्ट्र साम्राज्य के उपनिवेश थे। फ्रांस ने इस क्षेत्र पर निर्मम कब्जा कर लिया जैसा कि उस समय की अन्य उपनिवेशक शक्तियों के साथ भी हुआ था। फ्रांस में मातृभूमि के लाभ के लिए इन क्षेत्रों के मानवीय और प्राकृतिक संसाधनों का शोषण किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जैसे ही उपनिवेशवाद को खत्म करना शुरू हुआ, फ्रांसीसियों को यह डर सताने लगा कि वे इन क्षेत्रों को खो देंगे। उन्होंने अपने उप-निवेशों को सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। तदनुसार विदेशी सहायता के बदले में अब के उप निवेशों को फ्रांस को उसके प्राकृतिक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने के लिए मजबूर किया गया और इस क्षेत्र में सैन्य पकड़ बनाये रखने की अनुमति दी गयी। फ्रांसीसियों ने इस बात पर बल दिया कि अपनी मुद्रा रखने की बजाय उन्हें अफ्रीका के वित्तीय समुदाय (एफसीए) के फ्रैंक का उपयोग करना होगा जो फ्रैंक (और बाद में यूरो) से जुड़ा हुआ था। इससे इन देशों पर निरंतर आर्थिक लाभ सुनिश्चित हुआ।

अफ्रीका में चीन के उदय ने फ्रैंकोफोन अफ्रीका में शक्ति संतुलन को बदलने पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। अफ्रीकी व्यापार में फ्रांस की हिस्सेदारी में काफी गिरावट आयी है। चीन ने अफ्रीका का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन कर इस रिक्त स्थान को भर दिया है। इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ते इस्लामी कट्टरवाद से निपटने में फ्रांसीसी सेना को अक्षमता के साथ-साथ फ्रैंकफाइल अभिजात वर्ग के खिलाफ भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने क्षेत्र में फ्रांसीसी विरोधी भावनाओं को तेज कर दिया है।

क्षेत्र में तनाव कम करने और रियायतें देने के फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रां के हालिया प्रयासों को इस मुद्दे के समाधान के लिए बहुत कम और बहुत देर से किया गया प्रयास माना जा रहा है। अफ्रीका में कई बड़े खिलाड़ी अब सैन्य तख्तापलट का समर्थन कर रहे हैं जो फ्रांस-अफ्रीकी प्रणाली के विकल्प के रूप में रूस और चीन द्वारा कथित तौर पर प्रायोजित नहीं होने पर गुप्त रूप से किया जाता है।

क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों ने भारत के लिए संभावनाओं का पिटारा खोल दिया है। इकोवास के साथ भारत के जुड़ाव के हिस्से के रूप में इसने 2006 में समूह को 250 मिलियन डालर की क्रैडिट लाइन प्रदान की थी। इसके अलावा भारत ने इकोवास (इकोनॉमिक कंट्री ऑफ वैस्ट अफ्रीका) देशों के ऊर्जा, दूरसंचार और परिवहन उद्योगों में महत्वपूर्ण निवेश किया है।

भारत पश्चिम अफ्रीका के विकास और स्थिरता में अपना योगदान दे सकता है। अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल करने की भारत की पहल इस प्रयास के लिए एक उत्कृष्ट सिंप्रगबोर्ड के रूप में काम कर सकती है।

## जमशेदपुर की खबरें

### लोयला स्कूल में क्षेत्रीय सम्मेलन
# रिमांड और जमानत पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के लोयला स्कूल सभागार में जुडीशियल अकादमी झारखंड और पूर्वी सिंहभूम जजशिप द्वारा रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सम्मेलन में झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, लॉ स्टूडेंट्स शामिल हुए। उल्लेखनीय है क्षेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश सह संरक्षक प्रमुख जुडीशियल अकादमी झारखंड रांची माननीय संजय कुमार मिश्रा वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। वहीं सम्मानित अतिथियों में न्यायधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह जज इंचार्य जुडीशियल एकैडमी रांची माननीय सुजित नारायण प्रसाद, जज हाईकोर्ट माननीय रत्नाकर भेंगड़ा, जज हाईकोर्ट माननीय दीपक रौशन,जज हाईकोर्ट माननीय अम्बुज नाथ, डायरेक्टर जुडीशियल एकैडमी रांची सुधांसू कुमार शशि, एडिशनल डायरेक्टर जुडीशियल अकैडमी रांची माननीय राजेश कुमार,प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश जमशेदपुर माननीय अनील कुमार मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम मे प्रशासनिक पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रिमांड व जमानत को लेकर विभिन्न तरह के कानूनी फहलुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। साथ ही पॉक्सो एक्ट 2012 एवं एनडीपीएस केस के इम्प्लीमेंट मे आने वाले व्यवधानों को कैसे दूर करें ताकि पीड़िता को शीघ्र एवं त्वरित न्याय मिल सके। इस अवसर पर मिस कुशी कुशलप्पा एवं डॉक्टर जे एन बारोवालिया का विशेष योग्यदान रहा। यह कॉन्फ्रेंस झारखंड राज्य का चौथा रिजनल कार्यक्रम रहा। जिसमें कोल्हान जोन के तीन जिलों से प्रधान जिला न्यायधीश, अन्य न्यायियक पदाधिकारी, कोर्ट के पी पी, जिला बार संघ, पैनल लॉयर्स, लीगल काउंशील सदस्य, लॉ स्टूडेंट्स, सिविल सोसाईटी, पुलिस, प्रशासन, लोयला स्कूल के छात्र समेत काफी संख्या मे लोग शामिल होकर लाभ उठाये।

### 10 लाख की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य शुरू
# हेमंत सरकार में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का तेजी से हो रहा विकास : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में गोविंदपुर और छोटा गोविंदपुर से काकड़ीपाड़ा तक 10 करोड़ की लागत से दो सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक, मंत्री और हेमंत सरकार के प्रति आभार जताया। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के लगभग 20 हजार से भी ज्यादा परिवार को राहत मिलने की अनुमान है। रविवार को स्थानीय लोगो की मांग पर गोबिंदपुर में 7.2 किलो मीटर जर्जर सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता और विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी और सम्मानित अतिथि जिला परिषद परितोष सिंह शामिल हुए। मौके पर गोविंदपुर क्षेत्र के कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगो ने अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों के संग भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाल कर सैकड़ो लोगो ने खुसी जाहिर की। बाइक रैली के माध्यम से मंत्री और




विधायक शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर विधायक ने कहा गोबिंदपुर में जर्जर सड़क निर्माण की मांग के लिए प्रयास किया जा रहा था। राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर क्षेत्र में 7.2 किलो मीटर सड़क का निर्माण होने से लोगो को काफी राहत मिलेगी। विधायक कालिंदी ने बताया ग्रामीणों की मांग पर छोटा गोबिंदपुर से काकड़ीपाड़ा तक की जर्जर सड़क का निर्माण 5 करोड़ की लागत से की जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा इन दोनो सड़कों का निर्माण होने से लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। श्री कालिंदी ने कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य लगातार प्रगति के पथ पर अग्रेसर है। जुगसलाई विधानसभा में तेजी से हो रही विकास कार्यों से क्षेत्र का सूरत बदल रही है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह,नवमी सिंह, समीर दास, मनोज यादव, पंकज गोप,जम्मी भास्कर,रजनी दास,जय किसान सहित इंडिया गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल रहे।

### सत्संग विहार टाटानगर में मासिक सत्संग का आयोजन
# बेगूसराय में जल्द होगा श्रीमंदिर का निर्माण : विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के लौहनगरी जमशेदपुर के काशीडीह सत्संग विहार टाटानगर के प्रांगण में परसुडीह जोन का मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सत्संग में पूजनीय आचार्यदेव की आशीर्वाद प्राप्त कर विहार के बेगूसराय से सह प्रति ऋत्विक नरेश प्रसाद सिंह एवं सह प्रति ऋत्विक विकाश कुमार सिन्हा शामिल हुए। मौके पर सैकड़ो गुरुभाइयों ने शामिल होकर श्रीश्री ठाकुर के प्राथना और वाणी पाठ की गयी। इस अवसर पर गुरुभाइओं के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। मौके पर सत्संग के दौरान सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सह प्रति ऋत्विक विकाश कुमार सिन्हा ने श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाले। उन्होंने बताया कि आचार्यदेव के आशीर्वाद से बेगूसराय में सत्संग विहार टाटानगर की तरह मंदिर का निर्माण होना है। इसके लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। सत्संग विहार टाटानगर में आयोजित सत्संग में शामिल होकर काफी आनंद मिला। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन मे उन्नति और



आगे बढ़ने की आसा रहती है। दया करके सत्संग में जरूर शामिल हो ताकि सत्संग के शामिल होकर जीवन को उन्नत कर सके। उन्होंने कहा श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद के सत्संग में शामिल होने से गुरुभाईओ को काफी तृप्ति मिलती है। वह साफ सत्संग में दिख रही है। मौके पर उन्होंने बेगूसराय में श्रीमंदिर निर्माण के लिए सभी गुरुभाईओ को योगदान देने के लिए अपील की। इस अवसर पर सह प्रति ऋत्विक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी ही इस युग के पुरुषोत्तम है। युग पुरुषोत्तम के द्वारा लाये गये विधान से ही ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है। श्रीश्री ठाकुर जी कहे है जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केंद्र बनाकर चलना होगा। विधान का पालन करने से ही आगे बढ़ने उमीद जगती है। सह प्रति ऋत्विक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा मन में व्याकुलता से खोजने पर ही जीवन का लक्ष्य संभव है। उन्होंने इसके लिए श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी को विस्तार से जानने की अपील की। इस अवसर पर सत्संग में शामिल सैकड़ो गुरुभाईओ ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। संध्या कालीन प्राथना के बाद सत्संग की समाप्ति हुई। इस अवसर पर विहार के बेगूसराय से सह प्रति ऋत्विक नरेश प्रसाद सिंह, विकाश कुमार सिन्हा,सत्संग विहार टाटा नगर के सह प्रति ऋत्विक भास्कर शरण, विनोद साव, राम कृपाल सिंह, बी तिवारी,दिलीप कुमार मिश्रा,अरुण कुमार मन्ना,सुजीत राणा,गुरुपदो तिवारी,कार्तिक चंद्र दास,सुबोध पोद्दार,पुरोहित झोटन कुमार सहित सैकड़ो श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के भक्तगण शामिल होकर सत्संग का आंनद उठाया।

# वेस्ट दुर्गा पूजा समिति का 50 वर्ष पूरा, शहर के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोनारी तरुण संघ वेस्ट दुर्गा पूजा समिति का 50 वर्ष पूरे होने पर भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कार्य जारी है। रविवार को पूजा समिति के प्रवक्ता उत्पल घोष ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया इस वर्ष सोनारी तरुण संघ मैदान में आयोजित दुर्गा पूजा में स्वर्ण जयंती समारोह 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होगी। स्वर्ण जयंती समारोह के तहत समिति के द्वारा पूजा पंडाल अक्छर धाम के प्रारूप तैयार किया जा रहा है। साथ ही इस वर्ष 22 फीट ऊंचा मा दुर्गा की प्रतिमा तैयार किया जा रहा है। जो राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कलाकार पश्चिम बंगाल के सनातन रुद्रपाल तैयार कर रहे है। साथ ही पश्चिम बंगाल के चंदन नगर की आकर्षक विद्युत सज्जा से पूजा पंडाल और आसपास सजाया जा रहा है। बांग्ला देश से ढाक बादक दुर्गा पूजा में अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे। समिति के द्वारा चतुर्थी के दिन जरूरमंद 25 बच्चों को वस्त्र दिया जाएगा। वही सप्तमी के दिन जमशेदपुर वृद्धश्रम के बुजुर्ग महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। समिति के द्वारा सप्तमी से नवमी तक




सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें चतुर्थी के दिन जी सारेगामापा के प्रतिभागी सतीश गजमेर, पंचमी के दिन कोलकाता के तृषा पाडूई, षष्टी के दिन कोलकाता के तान्या दत्त और सुभ्र सुभ, सप्तमी के दिन सरायकेला खरसावां जिले के लालचंद महतो के टीम के द्वारा झुमुर संगीत, अष्टमी व नवमी को हार्मनी जमशेदपुर के टीम के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया जायेगा। पूजा पंडाल के सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था की गई है। पूजा पंडाल का उद्घाटन समाजसेवी शेखर दे चतुर्थी के दिन करेंगे। मौके पर महासचिव समीर कुमार बनर्जी, उत्पल घोष, देवब्रत मजूमदार, देवाशीष दास , सुभाष गुचैत, रमा कृष्ण, वरुण महतो, चंदन दत्ता, सोमन दास, प्रलय बिस्वास, अमृत पाल सिंह, बापी चंद्रा, विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लायंस क्लब विशाल ने टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार कीट का किया वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विश्व लायंस सेवा सप्ताह का आज हुआ समापन। इस मौके पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के क्लब कार्यालय मझिआंव मोड़ पर कार्यक्रम में गोद लिये हुए सभी टीबी मरीजों के बीच फूड फॉर हंगर के तहत पौष्टिक आहार कीट का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस विशाल के अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि हमारा लायंस विशाल 1986 से मानवता की सेवा में समर्पित है और हम सभी लायंस परिवार 365 दिन किसी ना किसी रूप में सेवा कार्य करते रहते हैं। अभी पूरे विश्व में दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक विश्व लायंस सेवा सप्ताह चला। जिसका आज रविवार को समापन के मौके पर हम सभी लायन ज्यादा से ज्यादा मानवता की सेवा करके पर्व की तरह और ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद करते हैं। आज हम सभी ने अपने गोद लिये हुए टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार भेंट करके आज सेवा सप्ताह का समापन किया। इस मौके पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ आरएस दिवाकर, ला. डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, ला. नन्दलाल प्रसाद गुप्ता एवं सदर अस्पताल गढ़वा से विश्वास शर्मा उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना भवन के प्रांगण में रविवार को जनप्रतिनिधियों के साथ थानेदार कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बैठक की। मौके पर थाना प्रभारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रखंड में जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए निदान कराने की मांग की। जिसमें मुख्य रूप से 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने सड़क पर पशु बांधने से होने वाली परेशानी से निजात दिलाने की मांग की। वहीं प्रमुख करूणा सोनी ने कहा कि इस माह में दशहरा जैसे महापर्व का आगमन होने जा रहा है। जिसमें पुलिस प्रशासन को सजग रहने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि थाना क्षेत्र में अमन शांति का माहौल रहे इसके लिए पुलिस 24 घंटे तैयार है। उन्होंने अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील लोगों से की। मौके पर रमना सदर मुखिया दुलारी देवी, मड़वानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदग मुखिया अनिता देवी, गम्हरीया उप मुखिया गोखुल यादव, चुन्नू सिंह, बिरंची पासवान, विनोद विश्वकर्मा, चन्दन पाल, सोनू सोनी, राकेश गुप्ता, मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### धुरकी के नये थाना प्रभारी का सगमा के पंचायत प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी के नये थाना प्रभारी को सगमा के पंचायत प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट के बाद पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बताते चलें कि धुरकी के थाना प्रभारी रहे सदानंद कुमार के तबादले के बाद नये थाना प्रभारी के रूप में संतोष कुमार रवि ने पदभार ग्रहण किया है। इसे लेकर सगमा प्रखंड के बीरबल पंचायत मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, सगमा पंचायत मुखिया तेजलाल भुइयां, कटहर कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, घघरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम ने धुरकी थाना में जाकर नवागत थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि से शिष्टाचार मुलाकात के बाद पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को थाना प्रभारी ने गर्मजोशी के साथ स्वागत कर आभार जताया। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि नये थाना प्रभारी तेजतर्रार व मिलनसार प्रवृति के हैं। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि थाना क्षेत्र के लोग किसी भी समस्या को लेकर कभी भी मिलकर शिकायत कर सकते हैं, उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में शांति व कानून का राज बरकरार रखना है।

**कार्यक्रम :** झारखंड विस की पुस्तकालय विकास समिति ने किया गढ़वा जिला का दौरा

# हर प्रखंड में एक विशेष लाइब्रेरी अधिष्ठापित करायें : अपर्णा सेन

**परिसदन भवन में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों संग बैठक कर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड विधान सभा की पुस्तकालय विकास समिति की सभापति अपर्णा सेन गुप्ता अपने गढ़वा जिला दौरे पर परिसदन भवन गढ़वा पहुंची, उपायुक्त शेखर जमुआर ने सभापति से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर गढ़वा जिला आगमन पर उनका स्वागत किया। जिसके पश्चात समिति ने परिसदन भवन गढ़वा के सभागार में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में सभापति द्वारा जिले में संचालित लाइब्रेरी की जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिले में अनुमंडलीय लाइब्रेरी संचालित है जिसके विकास को लेकर कार्य किया जा रहा है। संचालित लाइब्रेरी में एक और फ्लोर का निर्माण कराया जा रहा है जिससे अधिक संख्या में बच्चे वहां बैठकर पठन पाठन कर सकें। बैठक में सभापति द्वारा लाइब्रेरी में आवश्यक रूप से मूलभूत सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक से जिले में संचालित विद्यालय एवं उनमें पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की जानकारी ली गई। सभापति द्वारा विद्यालयों में भी आवश्यक रूप से पुस्तकालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सभापति द्वारा जिले में संचालित अन्य विभागों की जानकारी ली गई एवं कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इनमें मुख्य रूप से आपूर्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, पथ निर्माण, पर्यटन, श्रम नियोजन, भूमि संरक्षण, खनन, कल्याण, समाज कल्याण, उत्पाद, नगर परिषद एवं जेल से जुड़े विभाग अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी ली गई। सभापति ने प्राप्त आवेदनों के एवज में ससमय बच्चों को छात्रवृत्ति मुहैया कराने एवं साइकिल वितरण का निर्देश दिया। बैठक में माननीय सभापति द्वारा जेल सुपरिंटेंडेंट से भी जेल में कैदियों की संख्या एवं जेल में पुस्तकालय की व्यवस्था की जानकारी ली गई। सभापति द्वारा बारी-बारी से अन्य विभागों से भी उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए उचित मार्गदर्शन एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड विधान सभा की पुस्तकालय विकास समिति के पदाधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, मारुति नंदन दुबे, राजेंद्र राम समेत उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए दिनेश सुरीन, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिया कुमारी, स्थापना उप समाहर्ता अरूण उरांव, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार समेत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मरांडी की कार्यकुशलता के बल पर भाजपा झारखंड में अगली सरकार बनायेगी : रामचंद्र केशरी

**भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर की गयी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय चेचरिया स्थित भाजपा आवासीय कार्यालय में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा मथुरा राम की अध्यक्षता में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने अपनी अथक परिश्रम के बल पर सफल बनाया है। उन्होंने कहा कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा, जिसके लिए मैं इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का दिल से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम सफल हुआ। हजारों की संख्या में बाबूलाल मरांडी को सुनने के लिए लोग आए, जिससे बाबूलाल की लोकप्रियता जाहिर होती है। उन्होंने कहा बाबूलाल मरांडी की कार्यकुशलता के बल पर भाजपा झारखंड में अगली सरकार बनायेगी और झारखंड में भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। साथ ही आगामी लोक सभा में भाजपा 14 की 14 सीट झारखंड की जीतने में कामयाबी पाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के पास मजबूत नेता एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं का गठजोड़ है। देश मोदी जी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए भाजपा और मोदी जी को मजबूत करने की बात कही। श्री केशरी ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं भाजपा अपने एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान देना जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता मोदी जी के द्वारा चलाये जा रहे जनउपयोगी कार्यक्रमों को लोगों के बीच में जाकर बतलायें। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को रामचंद्र केसरी ने गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को शिवधारी राम, कन्हैया चौबे ने भी संबोधित किया।

मौके पर अश्वनी कुमार, दिनेश शर्मा, नंदकिशोर यादव, नंदकिशोर चंद्रवंशी, सलीम अंसारी, धीरज जायसवाल, वर्सेस टोप्पो, मुन्ना, रामेश्वरम, अनिल गुप्ता, बसंत जायसवाल,सोबरती अंसारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राशन वितरण में अनियमितता के विरुद्ध लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

**बीडीओ ने डीलर को एक सप्ताह में सितंबर-अक्टूबर का राशन वितरण का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** जनवितरण प्रणाली के डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने से आक्रोशित बहियार खुर्द गांव के लाभुकों ने शनिवार को डीलर की दुकान पर हंगामा करने के बाद प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही बीडीओ सह एमओ वासुदेव राय ने तत्काल आक्रोशित लाभुकों को अपने कक्ष में बुलाकर मामले की जानकारी ली। उसके बाद डीलर प्रेमनाथ उरांव को दो दिनों के अंदर सितंबर एवं अक्टूबर माह का भी राशन एक सप्ताह में उठाव कर वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राशन वितरण का उठाव समय पर कर लाभुकों के बीच वितरण करें। इसमें लापरवाही बरतने पर कार्रवाई निश्चित होगी। बीडीओ सह एमओ श्री राय के आश्वासन के बाद आक्रोशित लाभुक लौट आये। इस मामले में लाभुक रामाधार राम, भृगुण पासवान, तपेश्वर पासवान, रामभजन पासवान, अशोक राम, मनोहर राम, उमर अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, चंद्रावती देवी, जगमतिया कुंवर, फुलवा देवी, बरती देवी, कलावती देवी, कमलावती देवी, देवंती कुंवर एवं कमला कुंवर ने कहा कि डीलर प्रेमनाथ उरांव द्वारा राशन वितरण में हमेशा गड़बड़ी की जाती है। वहीं मशीन में अंगुठा लगवाकर कहा जाता है कि राशन का उठाव नहीं हुआ है। उठाव करने के बाद राशन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सितंबर माह के राशन उठाव के बाद भी डीलर द्वारा राशन का वितरण नहीं किया गया। जिसके बाद लाभुकों द्वारा हंगामा करने के बाद 28 सितंबर को राशन देने की बात कही गई थी। लेकिन एक सप्ताह बाद भी सितंबर माह का राशन वितरण नहीं होने के बाद वे लोग प्रखंड कार्यालय के घेराव करने पहुंचे हैं। लेकिन बीडीओ सह एमओ द्वारा दो दिनों के अंदर सितंबर एवं एक सप्ताह में अक्टूबर माह का राशन वितरण करने के आश्वासन पर वे लोग वापस लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर राशन वितरण समय पर नहीं किया गया, तो वे लोग पुनः प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे।

## मेराल प्रखंड प्रमुख ने सजायाफ्ता महिला को केस में की मदद



**पति की हत्या के आरोप में गई थी जेल, पांच साल बाद हुई रिहा**

**घर परिवार के लोग तोड़ चुके हैं नाता उसे दिलाऊंगी हक : प्रमुख दीपमाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी एक सजायाफ्ता महिला को केस में मदद कर उसे न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। बता दें कि धुरकी थाना क्षेत्र के डोलकदवा गांव निवासी बलकु कोरवा की हत्या पांच वर्ष पूर्व में हुई थी। हत्या के आरोप में बलकु कोरवा के पुत्र ने अपनी सौतेली मां देवंती कुंवर पर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जानकारी के अनुसार देवंती कुंवर ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी थी। इसी के आरोप में देवंती कुंवर को गढ़वा मंडल कारा में बंद कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार देवंती कुंवर पिछले पांच वर्षों से गढ़वा मंडल कारा में बंद थी। देवंती कुंवर रविवार को जेल से बाहर निकल गई।

जेल से बाहर निकलने के बाद देवंती कुंवर ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे झूठा केस में फंसाया गया था। मैंने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या नहीं की थी। पिछले पांच वर्षों से जेल में मैं बंदी थी तो मेरे परिवार के कोई भी सदस्य मुझसे मिलने जेल में नहीं आये और न ही मुझे किसी तरह का सहयोग किया। देवंती ने बताया कि कुछ दिन पहले मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला जेल में आई थीं, तो मेरी स्थिति को देखकर वह चिंतित हो गई थीं। उनके द्वारा जेल में रहते हुए मुझे हर तरह का सहयोग किया गया। उसने कहा कि जेल में मुझे खाना, कपड़ा व अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई थी। उसने कहा कि मुझे जेल से बाहर निकलवाने में दीपमाला का काफी योगदान रहा है। मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि देवंती कुंवर को हमेशा मदद करूंगी। देवंती को किसी भी तरह की कोई पेरशानी नहीं होने दूंगी। उन्होंने कहा कि एक मामले में मैं 20 दिन के लिए जेल में बंद थी। उसी दौरान देवंती कुंवर से मुलाकात हुई उसकी स्थिति काफी खराब थी। उससे मिलने उसके परिवार का कोई भी सदस्य जेल में नहीं आ रहा था और न ही कोई भी सामग्री दी जा रही थी।

प्रमुख ने कहा कि देवंती को अभी हम अपने साथ लेकर डोल कदवा जा रहे हैं। इसकी सूचना धुरकी थाना प्रभारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि को दूंगी। उन्होंने कहा कि देवंती को घर का कोई भी सदस्य परेशान न करे, इसे लेकर ग्रामीण स्तर पर प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पहल करूंगी। उन्होंने कहा कि देवंती कुंवर को प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड बनवाने का काम करूंगी ताकि देवंती कुंवर को जीवयापन करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### मेराल में सात दिवसीय योग शिविर शुरू, बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति जिला इकाई गढ़वा के निर्देश पर मेराल समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ रविवार को प्रातः किस्मती कॉलेज आफ फार्मेसी के प्रांगण में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पतंजलि के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कॉलेज की प्रिंसिपल किंजल सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रासबिहारी तिवारी द्वारा आसन, प्राणायाम के दर्जनों अभ्यास के साथ-साथ उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। जिसमें मुख्य रूप से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जाई सहित अन्य कोई आसन प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि योग हमारी प्राचीन विधा है, जो जीवन जीने की कला है। डॉ अनिल साह ने कहा कि आज के लाइफस्टाइल में स्वस्थ रहने के लिए सभी को प्रतिदिन योग करना जरूरी है। उन्होंने मेराल तथा आसपास के गांव के लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। समिति के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा ने कहा कि आज शुगर, बीपी, कैंसर आम बीमारी का रूप लेते जा रहा है, जिसे योग प्राणायाम से ठीक ही नहीं बल्कि बीमारी को भगाया जा सकता है। शिविर में मुख्य रूप से डॉ लालमोहन, प्रखंड सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता, योग शिक्षक बीजेश्वर प्रजापति, दिवाकर साह, धर्मेंद्र मेहता, बिनेश मेहता, रामाकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

**बैठक :** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मेराल में 11 दुर्गा पूजा समितियों की सामूहिक बैठक आयोजित

# 24 को विजयादशमी मनाने और 25 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन का निर्णय

**नवरात्र में सभी समितियों के सदस्य नशा पान से दूरी बनाने के लिए लोगों को करेंगे जागरूक**

बलराम शर्मा



**मेराल।** प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर के प्रांगण में रविवार को प्रखंड मुख्यालय के सभी 11 दुर्गा पूजा समितियों की सामूहिक बैठक देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

सभी समितियों के पदाधिकारी से विचार विमर्श के बाद 24 अक्टूबर विजयदशमी को धूमधाम से दशहरा मनाने तथा 25 अक्टूबर एकादशी को गोधूली बेला में 10 दुर्गा पूजा समितियों की प्रतिमा का विसर्जन सामूहिक रूप से पुराण शिव मंदिर तालाब में तथा पूर्व की भांति छह आना टोला की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन स्टेशन रोड छठ घाट तालाब में किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विसर्जन के समय किसी भी समिति का डीजे कम साउंड में तथा भक्ति गाना ही बजाएंगे। नवरात्र भर सभी सदस्य नशा से दूरी बनाए रखने हेतु लोगों को जागरूक करेंगे, विसर्जन के समय मूर्ति को आगे पीछे करने में कोई भी विवाद नहीं करेंगे, गलत करने वाले पर आगे बैठक कर उन्हें दंडित किया जाएगा। प्रशासन से मूर्ति विसर्जन के समय मुख्य पथों पर सभी वाहनों का आवागमन बंद करवाने के लिए सुझाव देने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में मेराल पूर्वी के मुखिया राम सागर महतो, पश्चिमी के मुखिया पति मुन्ना राम, बड़का खलिहान के अध्यक्ष राजवंशी महतो, संरक्षक अरविंद महतो, भुइंया टोली से बाल गोविंद साव, तेली टोला छोटका खलिहान से अध्यक्ष संतोष साह, संरक्षक विजय प्रसाद, नेनुआ मोड दुर्गा मंडप से सुरेश साव, चांदनी चौक से देव कुमार, अस्पताल चौक से लल्लू प्रसाद, उदय चंद्रवंशी, मुडल टोला से कमलेश कुमार, सुदर्शन चौधरी, कामेश्वर चौधरी, बस स्टैंड से नवीन जायसवाल, मकुना से बिनोद सिंह, बाजार दुर्गा मंडप के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, छह आना टोला से देव कुमार राम, प्रमोद महाजन, चंदन कुमार, राजन सोनी, सत्यनारायण कुशवाहा, उदय चंद्रवंशी, गोवर्धन शर्मा, सत्येंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, विनय कुमार, सुरेंद्र चंद्रवंशी, मथुरा बैठा, महावीर सिंह, कामेश्वर महतो, सच्चिदानंद कुशवाहा, रघुवीर साह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## टेंपो पलटने से युवक की मौत, शव पहुंचने पर घर में मचा कोहराम

**घटना काफी दुखद है परिजनों को सरकार से मिलने वाली सभी दिलायी जायेगी : प्रमुख**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र के मझिगावां गांव में डिहवार टोला स्कूल के पास शनिवार को टेम्पो पलटने से एक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। समाचार के अनुसार मझिगावां गांव निवासी अनूप चंद्रवंशी (35) एक टेम्पो पर मझिगावां गांव से अपने घर डिहवार टोला जा रहा था। इसी बीच टेम्पो तीखी मोड़ के पास पलट गया। टैम्पू पलटने से अनूप टेम्पो के नीचे आने से दब गया। जिससे उसे छाती में गंभीर चोट आयी। घटनास्थल के आसपास के लोग अनूप को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर ले गए। जहां चिकित्सक सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल से भी रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। रिम्स जाने के क्रम में लातेहार पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। मृतक का शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की तीन छोटी छोटी-छोटी बेटियां हैं। अनूप के पिता की भी कुछ वर्ष पहले ही मृत्यु हो गयी है। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया, प्रमुख आभा रानी, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। शव का पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। प्रमुख आभा रानी ने बताया कि यह घटना काफी दुःखद है। परिजनों को सरकार से मिलने वाली सभी सुविधा दिलाई जाएगी।

मौके पर कृष्णा राम, नारद राम, अरविंद चन्द्रवंशी, सतेंद्र यादव, जाकिर हुसैन, सुजीत कुमार आदि सहित काफी संख्या में भीड़ थी। टेंपो चालक दिनेश ने बताया कि टेंपो मझिगावां से खरौंधी जा रहा था। जिसमें दोनों सवारी सवार थे। मझिगांवा के डीहवार टोला के पास सड़क पर पड़े पत्थर पर टेम्पो चढ़ गया, जिससे अनियंत्रित होकर पलट गया। उसने बताया कि उक्त टेम्पो बैटरी के माहोगड़ई टोला निवासी सुशील यादव का है।

## हेठपोचरा पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों को दी गयी बैंकिंग सेवा की जानकारी




लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार सदर प्रखंड के हेठपोचरा पंचायत सचिवालय में में रविवार को सेंट्रल बैंक की हेठपोचरा शाखा के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरुकता कार्यशाला में शाखा प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बैंक की कई योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि बैंक बचत करने का एक सशक्त माध्यम है। आपके जमा धन पर बैंक के द्वारा ब्याज दिया जाता है। इस दौरान सेंट्रल बैंक के द्वारा चलायी जा रही कई ऋण एवं अन्य स्कीम की जानकारी भी दी गयी। श्री पांडेय ने ग्रामीणों को फ्रॉड से बचने की अपील की।उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाते हैं और उनके बैंक खाता से राशि उड़ा ले जाते हैं।उन्होंने कहा कि कभी भी किसी बैंक के द्वारा एटीएम का नंबर या पिन नंबर आदि नहीं मांगा जाता है। ग्रामीण अपने बैंक खाता, एटीएम व पिन की जानकारी किसी से साझा न करें। मौके पर मुखिया राम जी सिंह, ग्राम प्रधान रंजीत सिंह, बैंक कर्मी खरीदन राम, बैंक मित्र अभिषेक नाथ, अजय, अखिलेश्वर समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## किस्को में पीएम विश्वकर्मा योजना हेतु पंचायतों में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार द्वारा चयनित आंकाक्षी प्रखंड अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र में संकल्प सप्ताह के तहत समृद्धि दिवस सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में जागरूकता अभियान किस्को प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवालय भवन में आयोजित किया गया। इस बीच प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जागरूकता कार्यक्रम, संसाधन मेले-विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, नेटवर्किंग, मेंटरशिप सत्र, उत्पाद प्रदर्शनी, बिजनेस आईडिया प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय साक्षरता, ई-कॉमर्स आदि की जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत नवाडीह में जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा,उधोग विभाग के महाप्रबंधक रघुवर सिंह और नवाडीह मुखिया मीना कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर प्रखंड उधमी समन्वयक रवि शंकर, जेएसएलपीएस के श्याम किशोर प्रजापति, रंजित, हिसरी मुखिया रवि उरांव, खरकी मुखिया चांदमनी उरांव, जतरू, फुलमनी देवी, यशोदा, पंचायत सचिव विनोद दुबे, जेई रंजित, अजय, सोहेल, दिवाकर, सुशील, देवकांत, समाजसेवी कुद्दुस व अन्य लोग मौजूद रहे।

## वार्षिक सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट की हुई शुरुआत



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत अंतर्गत मंडल खेल मैदान में बालक बालिका वर्ग के वार्षिक सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत की गयी, जिसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रही जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा फीता काट कर किया गया। मुख्य अतिथि संतोषी शेखर के साथ-साथ टूनार्मेंट के हम सहयोग करता सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के अमित यादव, गोपाल शर्मा, भोजपुरी कलाकार भोलू भोजपुरिया समेत आयोजन समिति के अन्य लोगों के द्वारा उद्घाटन मैच खेलने उतरी तिहारो और गढ़वा जिले के संतोषी नगर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें बेहतर खेल खेलने की नसीहत दी गयी। इस दौरान जीप सदस्य सन्तोषी ने कहा की हमारे क्षेत्र में खेल की प्रतिभाओं की कमी नहीं है और इन प्रतिभाओं को निखारने को लेकर लगातार सरकार के द्वारा भी सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं और इसका परिणाम है कि आज एशियाई गेम में भारत के खिलाड़ियों के द्वारा सैकड़ो पदक लाकर देश का नाम पूरे विश्व के पटल पर रोशन किया गया है। मौके पर मंडल क्षेत्र की महिला समाज सेवी संगीता देवी संतोष कुमार, राजेश गुप्ता, रवि कुमार, बबलू, राजेश, बालेश्वर, बसंत समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाइक सवार तीन युवकों को बोलेरो ने मारी टक्कर, फरार



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। महुआडांड थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसकरचा गांव निवासी सतीश तिर्की (17 ) पिता बिमल तिर्की एवं ललित कुजूर (18 ) पिता स्व. जवाकिम कुजूर और लूरगुमी खुर्द गांव के युवक अमजित जोनी लकड़ा (25) पिता फ्रांसिस लकड़ा रविवार शाम लगभग छह बजे बांसकरचा मोड़ रोड कंट्रक्शन प्लांट के स्थित मोड में मोटरसाइकिल दुर्घटना मे घायल हो गया है। ललित कुजूर की हालत गंभीर बताई जा रही है, इन तीनो घायलो का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड में डॉ अमित खलखो द्वारा कर बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## 12 खोड़हा दल को किया गया सम्मानित



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 अक्टूबर रविवार को कैरो मुख्यालय मे एतेहासिक जितिया जतरा शांति पुर्वक संपन्न हो गया उक्त जतरा मे प्रखंड के विराजपुर, नयाटोली, खंडा, जामुन टोली, बक्सी, नरौली, कैरो, महूवरी, उतका, गजनी, कुडु प्रखंड के सुकुरहुट्टू इत्यादि 12 खोड़हा दल पारंपरिक वेश भुषा के साथ वाद्ययंत्र मांदर, नागाड़ा, लेकर जतरा में झारखंडी गीत के साथ नृत्य प्रस्तूत किया। सभी 12 खोड़हा दल को आयोजन समिति और अतिथि प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, 20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली इत्यादि अतिथियों ने सभी खोड़हा दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कैरो थाना की और से मेला स्थल पर शांति व्यवस्था के निमित पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

## पतंजलि का लोहरदगा में सात दिवसीय विशेष योग शिविर का हुआ शुभारंभ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में सात दिवसीय निशुल्क विशेष योग सत्र का आयोजन का शुभारंभ किया गया। सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित सहकारिता भवन परिसर में आयोजित की गई है। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठ योग शिक्षक संजय मधुर एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने संयुक्त रूप से योग अभ्यास के क्रियाओं का अभ्यास कराया। शिविर में दंड बैठक, सूर्य नमस्कार के 12 क्रियाएं, पेट एवं पीठ के बल एवं बैठकर किए जाने वाले रोग निवारण हेतु प्रमुख आसनों का अभ्यास भी लाभ के साथ प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया। जिनमें मंडूकासन, सर्वांग आसन, पाद हस्तासन, ब्रिज आसन, साथ ही साथ सूक्ष्म व्यायाम के बारीकियों से भी अवगत कराया गया। मौके पर संजय मधुर ने कहा कि मौजूदा समय में स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन प्रातः कालीन योग सत्र में भाग लेकर योग और आयुर्वेद को जाने और अपने दैनिक दिनचर्या में भी से शामिल करें। इन शिविरों में आप शामिल होकर स्वस्थ जीवन प्राप्त कर सकते हैं।

### झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक सदर प्रखंड सहकारिता भवन में हुई

# राज्य के कर्मचारी हैं परेशान: महेश

**झापसा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारियों और पदाधिकारियों के ऊपर दमन बढ़ता जा रहा है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक सदर प्रखंड सहकारिता भवन में हुई। मौके पर कर्मचारी नेता महेश कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना, सहिया मिड-डे-मील जैसी तमाम सरकारी योजनाओं के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती की गयी है। वास्तविक मजदूरी की वृद्धि में भी गिरावट जारी है। बड़े पैमाने पर आज छटनी और वेतन में कटौती जारी है। पद प्रोन्नति, एसीपी और एमएसीपी का लाभ को लंबित रखा गया है। राज्यकर्मी समेत अनुबंधकर्मी, आउटसोर्सिंगकर्मी और ठेकाकर्मी त्रस्त हैं। अनेक कर्मियों का सेवा संपुष्टि भी लंबित है। इन सबके हक और हकुक के लिए बुलंद आवाज को तेज करने की जरूरत है। झापसा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारियों और पदाधिकारियों के ऊपर दमन बढ़ता जा रहा है। काम के घंटे को बढ़ाया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान केंद्र सरकार शिक्षक कर्मचारियों का मेहनत का 18 महीना का डीए को लटकाए हुए है। यह न्यायसंगत नहीं है।

शिक्षक नेता मुमताज अहमद ने कहा कि राज्य के शिक्षकों के वेतनमान को फेरबदल कर मनोबल को कमजोर किया जा रहा है। महासंघ के महेश चौहान, महातम यादव, प्रभुदयाल साहू, त्रिवेणी भगत ने सभी कर्मियों की एकजूटता पर बल दिया। जेएसएलपीएस के सुनील रजक ने विभागीय कार्यालय की मांग किया। कर्मचारी संघ के महेश कुमार चौहान ने बैठक का संचालन और धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा को अन्य लोगों के अलावा रऊफ अंसारी, जियाउल हक, अनिल उरांव, सोहेल अहमद, आशुतोश प्रसाद, सीता देवी, राजेंद्र पांडे, अभिषेक हिमांशु, मंजू देवी, अवध किशोर प्रसाद बीरन ठाकुर सचिदा शाहदेव ने भी संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे।

# वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ी से गदा बनाने की सामग्री को किया जब्त

**हेरहंज मे 27 वर्ष बाद फिर से कारोबारियों ने गदा बनाने का काम शुरू किया**



संतोष सिन्हा/विनय कुमार

**हेरहंज-(लातेहार)।** कई वर्ष पूर्व लगभग 1985 से लेकर 1995 तक पूरे पलामू प्रमंडल में खैर का लकड़ी का अवैध तरीके से कत्था बनाने का काम जोरों पर चर्चित रहा। उस खैर के लकड़ी से बने कत्था का कीमत ग्रामीण क्षेत्रों में 150-200 रुपये प्रति किलो ग्राम की दर से बिक्री किया जाता था। वहीं बाहर में बनारस, आगरा, कानपुर, लखनऊ, कोलकाता समेत अन्य शहरों में 250-300 रुपए प्रति किलो ग्राम की दर से बिक्री किया जाता था। उसमें भी दो तरह से बनाया जाता था। सिंगल फिल्टर व डबल फिल्टर। लगभग 10 वर्षों तक अवैध कारोबारियों के लिए चांदी रहा। गौरतलब हो कि जंगल मे खैर की लकड़ी समाप्त हो गयी थी। जिसके बाद कारोबारियों ने गदा का कारोबार बंद कर दिया था। जिसके बाद 27 वर्ष बीत जाने के बाद 2023 में फिर से कारोबारियों ने गदा बनाने का काम शुरू किया। प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत होंजर ग्राम के जंगल में अवैध तरीके से बनाएं जा रहे खैर के लकड़ी से बन रहे गदा को जिले के वन विभाग की पूरे टीमों ने पहुंच कर छः डेग, एक कुदाल व बनाने की सामग्रीयों को जब्त किया है। वनक्षेत्र पदाधिकारी बालूमाथ नंदकुमार मेहता ने बताया कि डीएफओ विश्वास देश पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार, मनिका, बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज की टीमों द्वारा अभियान चलाया गया। जहां सलैया पंचायत के होंजर ग्राम के वनक्षेत्र में अवैध तरीके से खैर का लकड़ी का गदा बनाने की सामग्रियों को जब्त किया गया है। यह काम किन लोगों के द्वारा किया जा रहा था वह फिलहाल पता नहीं चल सका है। पता लगाया जा रहा है। पता होने पर विभागीय कारवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार वर्तमान मे हेरहंज और बालूमाथ रेंज कार्यरत सभी वनरक्षी जान रहे थे की उक्त क्षेत्र मे कौन कौन कथा बना रहे है। पर वनरक्षियों ने विभाग और आमजनताओ का ध्यान भटकाने के लिए टम्पो मे लदे सुखे जलावन लकड़ी,या फिर चौखट, हल्के बल्लियां बरामद करन कर उपरी आमदनी कमाकर जेब भरने का काम करते रहे। चूंकि निवर्तमान रेंजर को वन रक्षियो ने अंधेरे मे रखने का काम करते रहे थे। वहीं नये पदस्थापित रेंजर के आने से जनताओ मे यह उम्मिद जगने लगी है की अब लगातार कटते वनो को बचाया जा सकता है।10

# बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं में आक्रोश, कांग्रेसी नेता ने की कड़ी निंदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजलीं की लचर व्यवस्था के कारण लोग परेशानी में हैं। उपर से बिजली की किल्लत कोढ़ में खाज साबित हो रहा है। सरकारी दावों के विपरित यहां आपूर्ति की हालत दिनों - दिन खराब होती जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रखंड में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति और भी दयनीय है। घरों में लगे लाईट, मोटर पंप पंखा व दुकानों में ऑनलाइन सेंटर आदि उपभोक्ताओं को मुंह चिढ़ाते नजर आते हैं। बिजली आपूर्ति की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां इंवर्टर चार्ज नहीं हो पा रहा है। चौबीस घंटे में ग्रामीण क्षेत्रों में आठ से दस घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। कई बार तो ग्रामीण क्षेत्रो में दिन - रात इसके दर्शन नहीं होते। बिजली कई दिनों के लिए ही गुल हो जाती है। इस सम्बंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सहायक अभियंता हमेशा मुख्यालय से गायब रहते हैं। बिजली आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है। जो सरकार के दिशा निदेर्शों का उल्लंघन है। और काफी कम बिजली आपूर्ति हो रही है। उन्होंने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से इस मामले में हस्तक्षेप कर सुधार का आग्रह किया और कहा कि विभाग चोरी से बिजली जलाने वालों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूलती है। यह अच्छी व्यवस्था है। लेकिन उपभोक्ताओं से पूरे पैसे वसूल कर नगण्य सेवा प्रदान करना कैसा न्याय है। उधर इस संबंध में प्रभारी सहायक अभियंता दुर्गा शंकर सिंह से इस बाबत जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने सर्वप्रथम दस मिनट के बाद फोन पर बात करने की बात कही लेकिन हमारे द्वारा अनुरोध किये जाने के बाद वो तैयार हुए परंतु उन्होंने कहा कि बिजलीं है आती जाती रहेगी आप सबको तो मिर्च मसाला की जरूरत होती है।आप सब खबर प्रकाशित करें। हमे कुछ नही होगा हम देख लेंगे।

# कार्डधारियों की शिकायत पर जिप सदस्य ने अपनी निगरानी में राशन का कराया वितरण

**सभी डीलरों में सुधार नहीं आया तो प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आपूर्ति पदाधिकारी समेत क्षेत्र के सभी डीलरों का हुक्का पानी बंद कर दिया जायेगा: कन्हाई**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में आये दिन कार्डधारियों के द्वारा डीलर की शिकायत मिलना आम बात हो गयी है। कार्डधारियों का आरोप रहता है कि डीलर द्वारा कम राशन दिया जाता है। पांच किलो के जगह चार किलो तो साढ़े 4 किलो राशन दिया जाता है। जबकि सरकार द्वारा प्रति यूनिट पांच किलो राशन दिया जाना है। जिसमें डीलर काटकर देता है। वहीं कार्डधारियों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद शनिवार को बरवाडीह पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण को लेकर प्रखंड के हरातु पंचायत पहुंचे और जन वितरण प्रणाली के विक्रेता (डीलर) सहादुर सिंह के दुकान में जाकर डीलर के दुकान में रखे इलोक्ट्रानिक्स तराजू को एक किलो का बटखारा से मापा, जांच किया जिसमे तराजू अपना सही वजन बताया। जिसके बाद जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण की मौजूदगी में हरातू पंचायत के सेरनदाग गांव के लगभग 100 कार्डधारियों को प्रति यूनिट पांच - पांच किलो राशन का वितरण किया। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने कहा कि हरातू पंचायत के कई कार्डधारियों ने डीलर सहादुर सिंह पर कम राशन देने का आरोप लगाया था जिसके आलोक में इसकी जांच की गयी और सभी कार्डधारियों को प्रति यूनिट 5झ्5 किलो राशन दिलाया गया। साथ ही डीलर सहादुर सिंह को कड़ी हिदायत दी गयी है कि दुबारा शिकायत मिलने पर लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।

### अधिकारियों की लापरवाही से डीलरों का बढ़ा है मनोबल : कन्हाई

इधर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि जिला से लेकर प्रखंड तक के आपूर्ति विभाग के अधिकारी लापरवाह हो गये है, इन अधिकारों की लापरवाही के कारण ही आज क्षेत्र के डीलरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कहीं न कहीं तो अधिकारीयो का भी मिलीभगत है जिसके कारण कार्डधारी डीलरों से कम राशन लेने पर विवश है। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलरों में सुधार नहीं आया तो प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आपूर्ति पदाधिकारी समेत क्षेत्र के सभी डीलरों का हुक्का पानी बंद कर दिया जायेगा।

## भूमि रैयत ने मुआवजा को लेकर की बैठक

मनिका (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत सचिवालय में आज दिन रविवार को भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से फोरलाइन सड़क निर्माण हेतु एनएच 39 द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा नोटिस आकलन माफी ओवरब्रिज निर्माण इत्यादि के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं भूमि अधिग्रहण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि मेरे यहां फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चालू किया जाना है और हम लोग आज इसी का चर्चा करने के लिए बैठे हुए हैं उन्होंने यह भी कहा कि जमीन का मुआवजा बहुत कम है। जैसे दूंदूं में 1105, जमुना में 1158, नदबेलवा में 1205, लाली में 1268, ओराटांड में 2097, सिंजों में 24 373, मनिका में 30647 में 22989, नामुदाग में 6841 रू है। हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि भूमि का मुआवजा जो की बहुत कम है।सभी लोगो को संतोषजनक मिलना चाहिए। नहीं तो हम लोग आंदोलन करेंगे।मौके पर सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, हरिहर प्रसाद यादव, आनंद प्रजापति, संजय यादव, सेठा यादव, दरोगी यादव, अमरेश यादव, अमित उराव, ललन शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिजली चोरी मामले में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली चोरी कर लाइन जलाये जाने वालों पर बिजली विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गयी है। यहां पर बता दें कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह गांव में झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार कुडू पावर सब डिवीजन के एसडीओ मोहम्मद जिशान व मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित जेई राजेंद्र उरांव और बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली चोरी के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी कर उपयोग कर रहे 4 लोगों को पकड़ा गया। जिसमें नवाडीह में बिजली के मेन एलटी लाइन में टोका लगाकर व्यवसाय कार्य में बिजली की चोरी करते पाए जाने पर अनिल महली पिता बंधु महली पर 12000 रुपया क्षतिपूर्ति लगाया गया। साथ ही नवाडीह निवासी चरवा उरांव पिता जोखन उरांव, बिलचंद कुजूर पिता ज्योतिष कुजूर और रनथा उरांव पिता बिरसा उरांव का बिजली कनेक्शन विभाग द्वारा बकाया बिल होने पर लाइन कनेक्शन काटा गया था। इसके बाद भी अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़े जाने पर चरवा उरांव का 16740 रुपए बकाया एवं 4600 जुर्माना लगाया गया। जबकि रनथा उराँव का 19484 रुपये बकाया और 4600 जुर्माना और बिलचंद कुजूर का 17898 बकाया और 4600 जुर्माना लगाया गया। उक्त सभी 04 लोगों के घरों से ऊर्जा चोरी में उपयोग की जाने वाली तार को कुछ दूरी तक काटकर जब्त किया गया। इसके अलावा एसडीओ ने भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 और 137 के तहत किस्को थाने में लिखित शिकायत करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी। मौके पर बिजली मानव कर्मी सुनील कुमार, बेलाल अंसारी, नवल भगत, शाहनवाज अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## लापता पत्नी और बेटी को खोजने की लगायी गुहार



भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौरों गांव निवासी उत्तम प्रजापति पिता राजू महतो ने भंडरा थाना में आवेदन देकर अपने 22 वर्षीय पत्नी प्रिया देवी एवं दो वर्षीय बेटी संतोषी कुमारी के गायब होने की सनहा दर्ज करवाया है। इस संबंध में उत्तम प्रजापति ने बताया कि उसकी पत्नी 4 अक्टूबर को दिन के करीब 10 बजे अदरक खेत में काम करने के लिए जाने की बात बोलकर बेटी के साथ निकले। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी है। उसके लापता होने के बाद लगातार खोजने का प्रयास किया जा रहा है परंतु पता नहीं चला है। इसकी सूचना भंडरा थाना में देखकर लापता पत्नी प्रिया देवी और बेटी संतोषी कुमारी को ढूंढ निकालने की मांग उत्तम प्रजापति ने किया है। उत्तम के अनुसार उसकी पत्नी लाल रंग की साड़ी पहने हुए हैं।

## कई दिनों से लापता है सुरेंद्र कोरवा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव निवासी सुरेंद्र कोरवा चार अक्टूबर को मजदूरी करके वापस घर जाने के दौरान कोयल नदी के तेजधार में बह जाने की जानकारी उनके परिजनों ने छिपादोहर थाना में दी। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन भी गई लेकिन कुछ पता नही चला। छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने आम जनों से अपील की है कि अगर किसी सज्जन को इसकी जानकारी मिले तो छिपादोहर थाना में तुरंत सूचना दें।

## सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के तहत समृद्धि दिवस आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आंकाक्षी प्रखंड किस्को में संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं सबका विकास) के तहत रविवार को किस्को प्रखंड के नवाडीह पंचायत में समृद्धी दिवस के रूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस, जिला उद्योग केंद्र, जिला सूचना एवं विज्ञान और कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना, वित्तीय साक्षरता के संबंध में, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, समेत अन्य योजनाओं की जानकारी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दी गयी। उन्होंने प्रत्येक परिवार को 3-4 आजीविका गतिविधि से जुड़ने तथा उसके साथ पूंजी की व्यस्था की जानकारी दी। युवक-युवती को डीडीयू-जीकेवाई, आर-सेटी के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रशिक्षण की व्यस्था के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

## 16 दिवसीय श्री श्री मां उग्रतारा मंदिर में नवरात्रा अनुष्ठान शुरू



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड स्थित मां उग्रतारा मंदिर नगर ग्राम में 16 दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान रविवार से शुरू हो गया। मंदिर के पंडितो ने शनिवार को बताया कि जीतिया व्रत के पारण के दिन से मंदिर में कलश स्थापना की परंपरा रही है। 16 दिवसीय पूजन के बाद विजयादशमी के दिन मां उग्रतारा देवी को पान चढ़ाया जाता है। आसन से पान गिरने के बाद यह समझा जाता है कि भगवती की ओर से विसर्जन की अनुमति मिल गयी है। तब विसर्जन होता है। इस दौरान दो-दो मिनट पर आरती की जाती है। कभी-कभी तो पूरी रात पान नहीं गिरता और आरतियों का दौर निरंतर जारी रहता है। पान गिरने के बाद ही विसर्जन की पूजा होती है और शाही राज परिवार एवं पुजारी परिवार के बीच पान का वितरण होता है। यह मंदिर चंदवा प्रखंड से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित मां उग्रतारा मंदिर नगर वर्षो से अपने अद्भुत महात्म्य के कारण झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे देश में आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र रहा है। माता का यह मंदिर शक्तिपीठ के रूप में ही प्रसिद्ध है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# भाजपा ने हमेशा दिया है आदिवासियों को सम्मान : बाबूलाल

## संकल्प यात्रा में बाबूलाल ने गिनवायीं मोदी सरकार की उपलब्धियां



विकास साहू

**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही आदिवासियों को सम्मान देने का काम करती आई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में आठ आदिवासियों को शामिल करने से समझा जा सकता है। साथ ही भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने से भी समझा जा सकता है कि आदिवासियों को विशेष ध्यान भाजपा देती है। उक्त बातें बाबूलाल मरांडी ने घाघरा के हाई स्कूल मैदान में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कहा। उन्होंने मौजूद जन सैलाब को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याण योजनाओं को बताते हुए कहा कि गरीबों को 2014 से पहले बैंकों में खाता खुलवाना एक सपना सा लगता था। बावजूद जीरो बैलेंस में खाता खुलवाने का काम किया। कोरोना काल में लोगों का जीवन थम गया था प्रधानमंत्री गरीबों के भाव को समझते हुए बैंक खाता में सीधे पैसा जमा करवाया। हाल में महिलाओं को 33% सीट आरक्षण करने का काम किया गया, जो दुनिया में कहीं भी नहीं है। झारखंडियों को उनके सम्मान देने का सिर्फ और सिर्फ भाजपा ने काम किया है। बिहार से अलग राज्य बनाने का काम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के ही देन है। जिस पर कांग्रेसियों ने झारखंड की मांग करने वाले लोगों को खरीदने की कोशिश जार रही यही। लेकिन वह अपनी मनसूबा पर नाकाम नहीं रहे। जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी को जाती है। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि जब-जब भाजपा राज्य में सरकार बनाई अपराधी भागते हुए नजर आ रहे थे। लेकिन हेमंत सोरेन पुलिस को वसूली में लगा दिया है। वहीं इंडिया गठबंधन के बारे में बताते हुए कहा की इंडिया गठबंधन के लोग रोहंगिया को पनाह देकर भारत को तोड़ने की तैयार कर रही हैं। यूपीए गठबंधन का नाम बदल कर इंडिया रख लेने भारतवर्ष को गुमराह करने की तैयारी में है। लेकिन उनकी यह मनसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। श्री मरांडी ने इस संकल्प यात्रा में लोगों को संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि 2024 में पुनः मोदी जी को जिताकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसके पूर्व बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी को पारंपरिक नृत्य और जीत के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। उन्हें भाजपायों ने माला पहनकर स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी सहित अन्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, कार्तिक उरांव ललित उरांव के चित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद लोगों में सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, मेयर आशा लकड़ा, भाजपा नेता अशोक उरांव, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, सधनु भगत, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, भिखारी भगत, तिम्बू उरांव, विनय लाल, अनूपचंद अधिकारी, कुमार रवि, रामनंदन साहू, आलोक उरांव, प्रदीप प्रसाद, भोला चौधरी, सतवंती देवी, बिपिन बिहारी सिंह, श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, कौशल किशोर सिंह, आशीष सोनी, निमाज खान, अजित साहु, अरुनजय सिंह, शिवा देवी, अमित ठाकुर, मनोज सिंह, सीमा देवी, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, पुष्पा देवी व लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विधायक चमरा लिंडाने जनतो को ठगा है : अशोक उरांव

भाजपा नेता अशोक उरांव ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चमरा लिंडा पर गरजते हुए कहा कि स्थानीय विधायक लोगों को गुमराह करने का काम कर रहा है। वोट पहुंचने के बाद शराब और मांस देखर ठगने का काम करता है। और पूरे 5 वर्ष विधायक का चेहरा देखना भी यहां के लोगों को नसीब नहीं होता। इसे समझना है और भाजपा का साथ देना है। जिससे क्षेत्र का विकास में तेजी आये।

**आशा लकड़ा ने कहा :** संकल्प यात्रा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हैं आशा लकड़ी ने कहा कि पुष्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को विश्वकर्मा योजना का सौगात दिया। साथ ही कहा कि गरीब ही गरीबों की दुख को समझ सकते हैं यही कारण है कि नरेंद्र मोदी आज गरीबों के हित में योजना को चला कर सीधे भारत वासियों को लाभ पहुंचा रहे हैं और उनके आर्थिक शक्ति को बढ़ाने में मदद पहुंचा रहे हैं।

**संकल्प यात्रा में इन्होंने भी किया संबोधित :** सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष सोनी सहित कई भाजपाइयों ने अपने विचार प्रस्तुत किया।

## झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो पिछड़ी जातियों को मिलेगा 27 प्रतिशत आरक्षण : बाबूलाल मरांडी

**महागठंबधन की सरकार में झारखंड में चल रहा है जमीन लूट, युवा नौकरी के लिए कर रहे हैं पलायन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित पुराना बस डिपो मैदान में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आदिवासियों की हितैषी बनकर हेमंत सोरेन ने आदिवासियों के जमीन को ही लूटा है। दुमका से लेकर रांची तक हेमंत सोरेन ने जमीन खरीदी है। राज्य में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। नौजवान भटक रहे हैं। मरांडी रविवार को जिला भाजपा के द्वारा बस डीपू दुन्दुरिया में आयोजित संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछड़ों के साथ भी सरकार अन्याय कर रही है। मरांडी ने कहा कि जब वे झारखंड के सीएम थे तो पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। लेकिन न्यायालय के कारण बाद में आरक्षण में संशोधन हुआ। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के पिछड़ों के साथ भारी धोखा किया है। राज्य के कई जिलों में पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार आएगी तो पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। पिछड़ी जाति के लोग भाजपा के कोर वोटर है। उनका हर हाल में पार्टी ख्याल रखेगी। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में गुमला में बालू महंगे मिलने लगे, ईट भट्ठा बंद हो गया। भट्ठा बंद होने से सैकड़ों लोगों का रोजगार छीन गया। सांसद समीर उरांव ने कहा कि राज्य में महागठंबधन सरकार के कार्यकाल में लूट, भ्रष्टाचार व अफरशाही हावी है। सरकार लोगों को नौकरियां नहीं दे रही है। जिसे युवा पलायन को विवश हैं। वर्तमान सरकार पूरे राज्य में अराजकता फैल रही है हेमंत सरकार सिर्फ वसूली में लगी हुई है और उसके अधीनस्थ नेता और कर्मचारी जनता को परेशान करने में लगे हैं। पुलिस अपराधी को छोड़कर आम आदमी को परेशान करने में लगी हुई है और हेमंत सरकार के इशारों पर काम कर रही है। वहीं बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा वसूल कर रही है ईडी के बार-बार सम्मन पर भी वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है। अगर वास्तव में हेमंत सरकार की कोई गलती नहीं है तो वह ईडी के समक्ष में जाने से क्यों डर रहा है। वही बाबूलाल मरांडी ने बताया 9 वर्षों में मोदी सरकार ने एक लाख करोड़ संपत्ति भ्रष्टाचारियो से जप्त की है और मोदी सरकार रही तो आगे भी भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## लड़की भगाने के आरोपी के बड़े भाई के साथ बसिया पुलिस ने की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के गिरजा टंगरा टोली निवासी 25 वर्षीय अंकित लोहरा के साथ बसिया पुलिस ने बेरहमी के साथ मारपीट की। इसके बाद परिजनों द्वारा घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में पीड़ित युवक ने बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे घर के समीप से बसिया थाना की पुलिस मुझे पकड़ कर ले गयी और मेरे भाई के बारे में पूछताछ की। भाई कहां है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है, यह बताने पर वाहन में मेरे साथ बंदूक के कुंदे से मारपीट की गयी। इसके बाद बसिया थाना ले जाकर मुझे रखा और रात में मेरे साथ डंडे से मारपीट की गयी। वहीं शनिवार की सुबह भी पूछताछ के दौरान मुझसे मारपीट की गयी। परिजनों के आने के बाद शनिवार को लगभग 1:30 बजे मुझे पुलिस ने छोड़ दिया। परिजन घायल युवक को पालकोट लेकर आये, जहां शरीर में अंदरूनी और बाहरी चोट लगने के कारण उसे सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया।

### जांच कर दोषी पर कार्रवाई होगी : एसपी

इस मामले को लेकर गुमला एसपी हरविंदर सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने मामले की जानकारी नहीं होने की बात बतायी। कहा कि मामले की जांच की जायेगी और दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा 6ठी, 7वीं, 8वीं तथा 9वीं के सभी छात्रों ने भाग लिया। अलग-अलग कक्षा के छात्रों से 20 चक्र प्रश्न पूछे गए जिसमें सभी प्रश्न झारखंड राज्य से संबंधित थे। प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 15 सेकंड का समय निर्धारित था। निर्धारित समय सीमा में प्रश्नों के उत्तर देते हुए कक्षा 6 से अनिश उरांव, कक्षा 7 से ओम उरांव, कक्षा 8 से आलोक उरांव तथा कक्षा 9 से अनुप उरांव अपनी-अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विजेता बने। प्रश्नकर्ता शिक्षक कंचन कुमार, स्कोरर बादेश कुमार मंडल तथा समयपालक अमरदीप बक्सराय थे। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने चारों कक्षाओं के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया।

### श्री राम इंटरप्राइजेज के साइट इंचार्ज ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कराया

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड में पानी टंकी के काम कर रहे श्री राम इंटरप्राइजेज कम्पनी के साइट इंचार्ज बिहार के लालपुर पिपरा थाना निवासी मनचन मिश्रा ने रविवार को मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने लट्ठदाग गांव निवासी सकलदीप सिंह, प्रदीप सिंह, उदय सिंह व संजय सिंह को आरोपी बनाया है। दर्ज केस में कहा गया है कि प्रखंड के छारदा पंचायत के लट्ठदाग गांव में पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बीते शुक्रवार शाम को उक्त चारों लोगों द्वारा लट्ठदाग स्थित निर्माणाधीन पानी टंकी स्थल पर आकर जबरदस्ती कुछ लोगों को मजदूर रखने का दबाव दे रहे थे। मेरे द्वारा मना करने पर चारों लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान कंपनी के अन्य कर्मी गौरव कुमार झा, तुलसी कुमार व मनिनुल शेख भी घटनास्थल पर ही मौजूद थे। उन्होंने आवेदन में उक्त चारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### अवैध बालू उठाव मामले में ट्रैक्टर जब्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला खनन पदाधिकारी ने गुमला थाना में अवैध बालू उठाव के मामले में बालू लोग ट्रैक्टर के अज्ञात चालक व मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें कहा गया है कि चार अक्टूबर की रात्रि गश्ती दल के द्वारा टोटो के समीप से एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। जिसमें 100 घनफीट बालू लोड था। जांच के समय ट्रैक्टर का चालक व मालिक नहीं था। जिसके बाद उक्त ट्रैक्टर को गुमला थाना लाया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बड़काड़ीह गांव के बीएसएनल एक्सचेंज के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बड़काड़ीह गांव निवासी सुदा उरांव (35) की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जितिया कर्म पर्व होने के कारण सुदा अपनी पत्नी के साथ कर्म त्योहार मनाने के लिए अपने घर के बगल में गया था। सुबह करीब 4:15 बजे सुदा वहां से अपने घर के लिए निकला। जहां सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता अशोक उरांव और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे घटनास्थल पहुंचे और बीडीओ से तत्काल मुआवजा देने की मांग की।

### महिला ने युवक पर लगाया यौन शोषण का आरोप, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने शादी के नाम पर यौन शोषण करने और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बसिया थाना में मामला दर्ज कराया है। सूत्रों की मानें तो सिमडेगा जिला में पशुपालन विभाग में पदाधिकारी के रूप में पदस्थ एक तलाकशुदा महिला का संपर्क अपने रिश्तेदार अनीस नामक युवक से हुआ। युवक भी उसी विभाग में सप्लाई का काम करता है। दोनों का परिचय प्रेम संबंध में बदल गया। जिसके बाद युवक ने एक अन्य लड़की से सगाई कर ली। इसी बीच बीते गुरुवार को तलाकशुदा महिला ने बसिया थाना में युवक अनीस के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने, धोखाधड़ी करने एवं शादी नहीं करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। सूत्र बताते हैं कि लिखित शिकायत के बाद बसिया पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक एवं शिकायतकर्ता महिला को थाना में बुलाया और पूछताछ की। इसके उपरांत पुनः शनिवार को भी महिला और युवक के परिजनों के साथ दोनो पक्ष थाना पहुंचे और समझौते का प्रयास होने लगा। लेकिन समझौता नहीं होने की स्थिति में बसिया पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनीस को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया और रविवार को युवक अनीस को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि आरोप लगाने वाली महिला पूर्व में अपने पति को तलाक दे चुकी है। साथ ही अनीस के खिलाफ अपनी कार चोरी का आरोप भी लगा चुकी थी।

## संकल्प यात्रा में शामिल होने जा रहे बाबूलाल मरांडी का चैनपुर में हुआ भव्य स्वागत



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर बस स्टैंड के समीप रविवार को भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मण्डल के सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा के नेतृत्व में संकल्प यात्रा कार्यक्रम गुमला में शामिल होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का पुष्प गुच्छ देकर और फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुदर्शन भगत सहित कई भाजपाई शामिल हुए। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुमला विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डुमरी से चैनपुर सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ निकले, जिनका चैनपुर में भव्य स्वागत करने के बाद चैनपुर मण्डल से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता बाईक, ऑटो और निजी वाहनों से और भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली निकाल कर चैनपुर से बाबूलाल मरांडी का काफिला को गुमला के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, अमित पाण्डे, बिक्की साहू, अरविंद मौर्य, पुनदू शर्मा, संतोष केसरी, यशवंत केशरी, राजेशरण बैगा, अनिल केशरी, बुधराम बड़ाईक, मयंक मौली शर्मा, स्थानीय मुखिया शोभा देवी, अर्चना देवी, रुकमनी देवी, मंजु देवी, बसंत जयसवाल के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ननबैंकिंग कंपनी में लोगों का जमा पैसा भुगतान के लिए होगी बड़ी कोशिश : विजय सिंह

**झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास पीड़ित मंच की सदस्य उर्मिला देवी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि ननबैंकिंग कंपनी में लोगों का जमा पैसा भुगतान कराने के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है, जिसके तहत ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का गठन झारखंड स्तर पर किया गया है। श्री सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसा सूद सहित लोगों को जल्द भुगतान कराने की मांग की है। श्री सिंह ने 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष पैसा भुगतान की मांग को लेकर जनपुकार सभा में रांची चलने की भी अपील पीड़ित लोगों से की है। बैठक में आगामी और इस मामले को लेकर अंतिम बैठक 15 अक्टूबर 2023 को गुमला कचहरी परिसर में करने तथा 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित जन पुकार सभा में गुमला जिला से भी सैकड़ों की संख्या में लोगों से भाग लेने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं के अलावा ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के सदस्य संजय कुजूर, सुखदेव सिंह, गोविंद उरांव, ललन साहू, बेसन लोहरा, सुनील यादव, फेकन बड़ाइक, सुमन तिर्की, मनी उराँव, बसंती देवी, कमला देवी, मालती देवी के अलावे काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### महिला की सर्पदंश से हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना अंतर्गत करिडा टोली निवासी अल्बेट टीना एक्का पति समीर एक्का की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला दोपहर लगभग 1:00 बजे घर के समीप बगीचा की ओर गई थी वापसी के क्रम में झाड़ी से निकलकर अचानक एक जहरीला नाग सांप पैर में डस लिया और झाड़ी में घुस गया। महिला अपने घर आई और अपने पुत्र को फोन पर घटना की जानकारी दी। वहीं पुत्र घर आकर एंबुलेंस को कॉल किया और गांव आने को कहा। काफी समय बीत जाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आयी तब परिजन निजी वाहन से महिला को शाम लगभग 6:00 बजे सदर अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अस्पताल में हंगामा करने लगे। कहा कि महिला जीवित है और हम उसे दूसरे अस्पताल या रांची में इलाज कराने के लिए लिए ले जाना चाहते हैं। मामले को लेकर परिजनों ने गुमला थाना में आवेदन भी दिया। फिलहाल मृतका के शव को शव गृह में रखा गया है।

### पति ने ससुराल वालों पर मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी

गुमला (आजाद सिपाही)। अल्कापुरी रातू रोड रांची निवासी निखिल साहू ने अपने ससुराल वालों के विरुद्ध का आरोप लगाते हुए गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। निखिल ने अपने ससुर अवधेश्वर प्रसाद, वरूण साहू, रवींद्र, जितेंद्र, शिवा, मुकेश कुमार समेत अपनी पत्नी पूजा कुमारी को आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उसका विवाह 27 फरवरी 2023 को हुआ है। इधर वैवाहिक जीवन सुखमय नहीं होने के कारण दोनों परिवार के बीच बैठक हुई जिसके बाद कोई नतीजा नहीं निकला। इधर पांच सितंबर 2023 को गुमला में बैठक की गयी, जहां आवेदक व उसके पिता आए थे। इसी क्रम में उपरोक्त आरोपियों ने निखिल व उसके पिता के साथ मारपीट की।

**अनियमितता : क्या प्यासी रह जायेगी रेड़वा की पोढ़ा पहानटोली डोंगा घाट में चल रही जल जीवन मिशन योजना**

## करोड़ों रुपये की लागत से कोयल नदी में बना छलटा पहली ही बारिश में बहा

**ग्रामीणों ने इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इसका जीता-जागता उदाहरण योजनान्तर्गत बन रहे प्रखंड के रेडवा के पोढ़ा पहानटोली डोंगा घाट में करोड़ों रुपए की लागत से कोयल नदी में बना छलटा पहली ही बारिश में शनिवार की रात को बह गया। जिससे दो सौ करोड़ की लागत से बन रही जलापूर्ति योजना प्रखंड वासियों को पानी मिलने पर संशय की स्थिति बनी हुई है।

ज्ञात हो कि करीब दो सौ करोड़ की लागत से प्रखंड के 14 पंचायतों में जलापूर्ति के लिए कार्य एजेंसी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ऑफ इंडिया के द्वारा टेंडर लिया गया है। लेकिन कार्य एजेंसी द्वारा श्री राम इंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को पेटी में काम दिया गया है। योजना का प्राक्कलन राशि को लेकर किसी को भी सही जानकारी नहीं है। क्षेत्र में पूरी योजना का प्राक्कलन राशि दो सौ करोड़ होने की जानकारी है, किन्तु इस बावत पीएचईडी विभाग के जेई मनोज कुमार के अनुसार योजना 120 करोड़ रुपए की है।

छलटा बहने के संबंध में रेडवा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य कल्याणी कुमारी व ग्रामीण विरसा खड़िया, जोगो खड़िया, रोहित साहू, सुनील साहू, शंकर साहू, घुनेश्वर साहू ने बताया कि छलटा बनाने का काम जनवरी में शुरू किया गया था, छलटा बरसात से पहले जून तक बनकर तैयार हो गया था। किन्तु बारिश नहीं होने के कारण छलटा के पास पानी का जमाव नहीं हो पाया था। ग्रामीणों के अनुसार बीते एक सप्ताह से हो रही छिटपुट बारिश होने से नदी में पानी बढ़ा और छलटा के ऊपर से पानी बहने लगा, बीते शनिवार शाम पानी कम होने पर लोगों ने देखा की छलटा बीच से करीब 100 फीट टूटकर बह गया है। वहीं छलटा के दोनों किनारे की मिट्टी पानी के कटाव से पूरी तरह से बह गया है।

लोगों के अनुसार छलटा बनाने में भारी अनियमितता बरती गई है। निर्माण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत पर सुनवाई न करते हुए कर्मियों द्वारा जबरदस्ती काम किया गया। नींव की खुदाई बहुत कम की गई है, कुछ गहराई की बालू हटाकर बोल्डर भरकर मिक्सचर मशीन की बजाय जेसीबी से मशाला बनाकर जैसे तैसे जोड़ाई-ढलाई की गयी है। वहीं सीमेंट, सरिया सहित अन्य निर्माण सामग्री भी गुणवत्तापूर्ण नहीं लगाई गई है। जिससे नदी में पानी का बहाव को छलटा नहीं झेल पाया, जबकि इस बार बारिश भी कम हुई है उसके बावजूद छलटा बह गया।

ग्रामीणों ने इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं ग्रामीणों ने कहा कि गांव के मवेशियों के लिए चारागाह व नदी किनारे के खेतों में आने जाने वाले एकमात्र रास्ता में ही प्लांट लगाया जा रहा है, निजी कार्यों के लिए भी स्थानीय लोगों को प्लांट के समीप जाने पर ठेकेदार के कर्मियों व स्टाफ द्वारा धमकाकर भगा दिया जाता है। मवेशियों के चारा सहित खेती-बाड़ी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### राजा मेदिनी राय तर्पण सह अखिल भारतीय जनजातीय चेरो मिलन समारोह का आयोजन

# आदिवासी समाज के विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी: रामचंद्र

**औरंगाबाद नदी तट पर राजा मेदनी राय के वंशजो का तर्पण**

## कहा- राजा मेदिनी राय के पद चिह्नों पर चलने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित पलामू किला मेला परिसर में रविवार को राजा मेदिनी राय युवा मंच की ओर से राजा मेदिनी राय तर्पण सह अखिल भारतीय जनजातीय चेरो मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के अलावा यूपी के दुद्धी के विधायक हरिराम सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित ते। सबसे पहले औरंगाबाद नदी तट पर राजा मेदनी राय के वंशजो का चेरो समाज के लोगों ने तर्पण किया। इसके बाद कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक हरिराम सिंह, बीडीओ अरुण कुमार सिंह और थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने सामूहिक रूप से किया। इससे पूर्व मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी संस्कृति द्वारा मांदर की थाप पर नृत्य और गीत गाकर किया गया। वहीं, तर्पण सह भारतीय जनजातीय चेरो मिलन समारोह में झारखंड के अलावा उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के राज्यों से भी सैकड़ो लोग शामिल हुए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि हमारे समाज के चौमुखी विकास के लिए हम सभी को एक सूत्र में पिरोना होगा। मेदिनी राय युवा मंच के अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे समाज की शान बंगाल के एडीजी गंगेश्वर सिंह चेरों ने किया था। हम सब उनके सपनों को सकार करते हुए इस कार्यक्रम को आगे भी करते रहेंगे। वहीं, विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हम सब राजा मेदिनी राय के वंशज हैं। हमें उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। हमारा समाज काफी पिछड़ा हुआ है। इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी होगी। हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। तभी हमारे आदिवासी समाज का विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में मेदिनी राय युवा मंच की ओर से रामचंद्र सिंह चोरों को एक आवेदन देकर मेदिनी राय की याद में लगने वाला मेला (11 फरवरी को दुबीयाखांड और राजा मेदिनी राय पलामू किला के नीचे औरंगा नदी के तट पर लगने वाले छठ पूजा) के दिन सरकारी छुट्टी की घोषणा करने की मांग की गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, रामराज सिंह, विंध्याचल सिंह, पूर्व जिला पार्षद अर्जुन सिंह, शीतल सिंह, सब इंस्पेक्टर नीरज सिंह, अरविंद सिंह, अनिल सिंह, डॉक्टर मीना सिंह, कुमारी अंजना सिंह और मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक रामचंद्र सिंह व अन्य गणमान्य लोग।

# बिजली चोरी के आरोप में 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 1.21 लाख का जुर्माना

## अवैध बिजली उपभोक्ताओं के विरुद्ध जारी रहेगा अभियानः प्रदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने छापामारी अभियान चलाकर 12 लोगों को अवैध रुप में बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा है। इन पर बिजली मीटर लगाने के बाद भी गलत तरीके से अवैध उपयोग करने का आरोप है। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त लोगों पर एक लाख 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें मुनि सिंह चौक के जीवनंदन राम और अजीत कुमार तिवारी, संडा गांव के प्रेम कुमार, राजकेश पासवान और बसंत पासवान, झरगाड़ा गांव निवासी सुदेश ठाकुर, ब्रीजमोहन ठाकुर, जनेश्वर ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर और मदन प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हैं। इस अभियान में प्रदीप कुमार के अलावा, सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, राज कुमार यादव, उबैद अहमद आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि अवैध बिजली उपयोग को लेकर आगे भी छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए राशि का भुगतान कर सकते हैं।

# पथरा मुखिया एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के लिए केरला रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य व सीएसओ फोरम के सदस्य एक्सपोजर विजिट के लिए केरल रवाना हुए। जिसमें पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र रविदास व कुसुम देवी, सीएसओ फोरम के संजय कुमार, विजय पासवान, वीरेंद्र कुमार महतो शामिल हैं। उक्त सभी प्रतिनिधि रांची एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से हवाई मार्ग से केरला के लिए रवाना हुए। केरला के थ्रीसुर में रविवार से 12 अक्टूबर तक आयोजित आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिये उनका चयन किया गया है। जहां सभी प्रतिनिधियों को किला केरला का एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। राज्य के पंचायती राज उप निदेशक के निर्देश पर हुसैनाबाद बीडीओ ने उन्हें भाग लेने के लिए सूचित किया था। उक्त सभी को वहां की सशक्त पंचायती राज व्यवस्था के बारे में अवगत कराया जाएगा। रवाना होने के पूर्व मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि पंचायत का विकास सर्वोपरी है। सीखी गयी बातों को पंचायत विकास के लिये अमल में लायेंगें।

# मंत्री और सांसदों की मौजूदगी में 13 को 2000 से अधिक शिक्षक होंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** निजी विद्यालयों के हित में कार्य कर रही देश की सबसे बड़ी निजी विद्यालयों की संस्था प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में 13 अक्टूबर को चतरा डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में एक विशाल जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें निजी विद्यालयों के 2000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सर्टिफिकेट तथा मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। इस समारोह में इनके अतिरिक्त पद्मश्री मुकुंद नायक, राष्ट्रपति अवॉर्डी फलक फातिमा, पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा के अतिरिक्त बहुत बड़ी संख्या में पासवा के प्रदेश स्तरीय एवं झारखंड के विभिन्न जिलों से पासवा जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगें। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में चतरा जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि निजी विद्यालयों के शिक्षक बहुत ही सीमित संसाधन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को आधार प्रदान करने में उनकी भूमिका हमेशा से सराहनीय रही है लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड के इस आधार निजी विद्यालयों के शिक्षकों को प्रोत्साहित-सम्मान समारोह आयोजित करने का कार्य हर वर्ष किया जाना चाहिए। लेकिन किसी भी सामाजिक संस्था द्वारा इनके योगदानों को नहीं सराहा जा रहा है। पासवा प्रत्येक वर्ष झारखंड के निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करती है, ताकि निजी विद्यालय के शिक्षक भी उत्साह से झारखंड की शिक्षण व्यवस्था को गुणात्मक बनाने में अपना पूर्ण योगदान देते रहें। इस सम्मान समारोह में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी गहन चर्चा की जाएगी और निजी विद्यालयों के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रशिक्षण की भी बात होगी। इस सम्मान समारोह में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी गहन चर्चा की जाएगी तथा निजी विद्यालयों के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रशिक्षण की भी बात होगी। साथ ही निजी विद्यालयों को वर्तमान समय में आरटीई से हो रही परेशानी तथा आरटीई के कठिन शर्तों को निरस्त करने के प्रयासों पर भी चर्चा होगी।

# डीएमओ की कार्रवाई, बिना सीटीओ संचालित हो रहे दो क्रशर किये गये

## अवैध खनन करनेवाले जायेंगे जेल : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

### अवैध कारोबारियों पर है नजर, दोषियों पर होगी कानूनी कार्रवाईः आनंद कुमार

**जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर विभाग की नजर है. उन्होंने बताया कि डीसी के निर्देश के आलोक में लगातार छापामारी कर अवैध कारोबारियों को पकड़ा जा रहा है और कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को बख्सा नहीं जायेगा।**

**पलामू।** डीसी शशि रंजन अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर गंभीर हैं। उनके आदेश पर डीएमओ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में डीएमओ आनंद कुमार ने शनिवार को पांकी के अति सुदरवर्ती क्षेत्र पहुंचे। पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त रूप से में छापामारी कर पांकी थाना क्षेत्र के मौजा हेडुम और गरीहारा में अवैध रूप से संचालित हो रहे दो क्रशर को सील कर दिया। साथ ही क्रशर में 1200 घनफिट चिप्स और 800 घनफिट बोल्डर को जब्त कर लिया। पांकी थाना में क्रशर संचालक, वाहन मालिक, चालक और भंडारणकर्ता के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवायी. वहीं अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस छापामारी में खनन टास्क फोर्स के साथ सहायक उप निरीक्षक भोला राम और वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव चौधरी भी मौजूद थे। वहीं, इस संबंध में डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। दोषियों पर कार्रवाई भी हो रही है। यहां अवैध कारोबारियों की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जायेगा। उन्होंने डीएमओ को सक्रिय होकर जिले के सभी क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध क्रशर, ईंट भट्ठा व अवैध परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं।

# टेंपो के धक्के से छात्रा गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-हैदरनगर मुख्य रोड में टेपों के धक्के से शगुफ्ता परवीण नामक 16 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। वह ट्यूशन पढ़ कर अपने घर लौट रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। घायल छात्रा जपला दातानगर निवासी शमशेर अली की पुत्री हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में 39 लोगों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा द्वारा रविवार को स्थानीय राजस्थान भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन मंच की सहयोगी संस्था सेवा सदन रांची और खूंटी सदर अस्पताल के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और मंच के पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला ने किया। डॉ मांझी ने कहा कि रक्तदान के लिए जागरूकता की जरूरत है। रक्तदान को महादान इसलिए कहा गया है, क्योंकि इससे जीवन की सुरक्षा होती है और विज्ञान की प्रगति के बावजूद इसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही कई महत्पूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अभी खूंटी जिले में एनीमिया के काफी रोगी सदर अस्पताल में आ रहे हैं, जिन्हे रक्त की अवश्यता होती है। उन्होंने मंच के शिविर की काफी सराहना की। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची से झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पाडिया और प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में खूटी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने भी रक्तदान किया। उन्होंने ने बताया कि यह उनका दसवां रक्तदान है और वे हमेशा इसके प्रति समर्पित रहे हैं। शिविर में कुल लोगो ने रक्तदान किया। सेवा सदन की टीम ने मंच को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। 2017 से अब तक मंच ने 22 रक्तदान शिविर लगा चुका है। २२ कैंप लगा चुकी है ,जिसमे अनुराग प्रतीक और मुकुल पिपुरिया ने सर्वाधिक बार रक्तदान किया है। शिविर को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष अंकित जैन, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अखिल सरावगी, उपाध्यक्ष गौरव जैन, रक्तदान संयोजक विशाल जैन, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, मीडिया प्रभारी संदीप पीपुरिया, संजय जैन, मोनी जैन, अजय सरावगी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स

**8 केएच-4**

चेल्सी ने प्रीमियर लीग में वर्नले को 401 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मौरिसियो पोचेतीनों के नेतृत्व में इस टीम ने दमदार वापसी की और नए अवतार में चल्सी की टीम कमाल कर रही है।

### सफलता : अंतर विद्यालय अंडर 11 रग्बी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

# बालक वर्ग में लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल और बालिका वर्ग में डॉन बोस्को बना चैंपियन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड रग्बी फुटबाल एसोशिएसन के तत्वावधान में अंतर विद्यालय अंडर-11 रग्बी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को स्थानीय लोयोला उच्च विद्यालय के मैदान में हुआ। टूर्नामेंट में जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला लोयोला उच्च विद्यालय और लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल के बीच खेल गया, जिसमें लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल ने लोयोला उच्च विद्यालय को 5-0 से पराजित किया। बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अड़की और डॉन बोस्को बिचना के बीच खेला गया, जिसमें डॉन बोस्को बिचना ने 5-0 से मैच जीता और चौंपियन बना। बालक और बालिका वर्ग में तृतीय स्थान पर क्रमशः डॉन बोस्को बिचना और उसुर्लाईन बालिका विद्यालय फूदी की टीमें रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार और सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट संतोष ने किया। उन्होंने कहा कि आज भारत ने खेलों के माध्यम से बहुत तरक्की की है। आज जो बच्चे यहां खेल रहे हैं, वे कल झारखंड और भारत का नेतृत्व करेंगे। खूंटी में रग्बी खिलाड़ियों की प्रतिभा से मैं बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि सपने वे नहीं होते, जो सोते समय देखे जाते हैं, बल्कि जो सपने जागते हुए देखे जाते हैं, वे सफलता के मुकाम तक पहुंचाते हैं। जिला खेल पदाधिकारी ने भी खिलाड़ियों के खेल को सराहा और प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैं बिरसा फुटबाल स्टेडियम में घास का मैदान बनवाऊंगा, जहां एसोशिएसन राज्य स्तरीय मैच भी आयोजित कर सकता है। खिलाड़ियों की जो भी आवश्यकताएं होगी। मैं अपनी ओर से उन्हें पूरा करने की कोशिश करूंगा। रग्बी इंडिया के डेवलपमेंट मैनेजर सुनील दहिया ने कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य 11 वर्ष की उम्र तक के खिलाड़ी का चयन कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। अतिथियों का स्वागत झारखण्ड रग्बी एसोशिएसन के सचिव हेजाज असदक ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला रग्बी असोसिएशन के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार मिश्र ने किया।

# चेल्सी की लगातार दूसरी जीत, बर्नले को 4-1 से रौंदा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** चेल्सी ने प्रीमियर लीग में बर्नले को 4-1 से हराया और लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मौरिसियो पोचेतीनो के नेतृत्व में इस टीम ने दमदार वापसी की है और नए अवतार में चेल्सी की टीम कमाल कर रही है। इसका एक और उदाहरण देखने को मिला। पहले हाफ में विल्सन ओडोबर्ट के एक गोल से पिछड़ने के बाद, लंदन की टीम ने चार गोल किए और दमदार जीत दर्ज की। यह सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर चेल्सी की लगातार तीसरी जीत थी। वहीं, प्रीमियर लीग में मार्च के बाद पहली बार इसे टीम ने लगातार दो मैच जीते हैं। अमीन अल दखिल के आत्मघाती गोल ने हॉफ टाइम तक स्कोर बराबर कर दिया था और ब्रेक के बाद चेल्सी ने कोल पामर के पेनल्टी के माध्यम से बढ़त ले ली। रहीम स्टर्लिंग और निकोलस जैक्सन ने भी गोल दागकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। सोमवार को फिलहम के खिलाफ 2-0 की जीत के बाद, चेल्सी इस सीजन लीग में अपनी दूसरी जीत हासिल करना चाह रही थी। इस मैच में चेल्सी की शुरूआत अच्छी नहीं थी। 15वें में ओडोबर्ट ने गोल दागकर बर्नले को 1-0 से आगे कर दिया था और हॉफ टाइम से थोड़ी देर पहले तक यही स्कोर रहा। चेल्सी की टीम पिछड़ रही थी, लेकिन बर्नले के आत्मघाती गोल ने चेल्सी को वापसी का मौका दे दिया। मार्क कुकुरेला और गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज के बीच शॉट लगाया। 42वें मिनट में स्टर्लिंग का क्रॉस अल दखिल से टकराकर नेट में चला गया और चेल्सी ने बराबरी कर ली। दूसरे हाफ की शुरूआत में बॉक्स के किनारे पर विटिन्हो द्वारा स्टर्लिंग को फाउल किया गया और रेफरी स्टुअर्ट अटवेल ने पेनल्टी का इशारा किया। वीएआर की लंबी जांच के बाद पेनल्टी मिली और पामर ने पेनल्टी को अपने पहले गोल में बदल दिया। कॉनर गैलाघेर ने 65वें में मिनट में स्टर्लिंग का रन निकाला और वह आत्मविश्वास के साथ गोल कर दिया। इसके साथ ही चेल्सी की बढ़त और ज्यादा हो गई। बर्नले के प्रशंसक 74वें में बाहर निकलने की ओर बढ़ने लगे जब स्टर्लिंग ने पामर को पास दिया। यह मैच का आखिरी गोल रहा।

### 10 प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# 3.34 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

**सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों तक त्वरित न्याय पहुंचाने के तरीकों को लेकर किया गया जागरूक : न्यायिक दंडाधिकारी एसएस तिर्की।**

## शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाना है : न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी प्रखंड परिसर में एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट शिविर में अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करता है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एसएस तिर्की ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोग त्वरित न्याय कैसे प्राप्त करें इसे लेकर जागरूक



विधिक सशक्तिकरण सह जागरुकता शिविर में उपस्थित गणमान्य लोग।

करने के लिए डालसा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। लीगल एंड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट नेकहा कि विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से धनबाद जिले के सभी गांव तक डालसा की ओर से गठित टीम के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे जिले के दूर-सुदूर इलाकों में रह रहे ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को पहुंचाया जा सके। वहीं पत्रकारों से बातचीत में न्यायाधीश बारला ने कहा कि जिले के सभी 10 प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी की ओर से विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। बताया कि रविवार को विभिन्न ब्लॉकों में अवर न्यायाधीश सत्यभामा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, एसएस तिर्की, विशाल माझी, सुभाष बाडा, जेनिस मिंज, पूजा पांडे, सुरेश उरांव, अभिनव त्रिपाठी, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक एलएडीसीएस नीरज गोयल, सुमन पाठक, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, शैलेंद्र झा, सुमन पाठक, मुस्कान चोपड़ा, सीओ, बीडीओ, विभिन्न थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में मौके पर ही 36 हजार 970 लाभुकों के बीच तीन करोड 34 लाख 74 हजार 730 रूपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, लाभुकों को पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड,श्रम विभाग की तरफ से पैंट-शर्ट साड़ी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, ब्लाइंड स्टिक, सावित्रीबाई फुले योजना, इंदिरा आवास, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चेक का वितरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ संतोष कुमार, बीपीएम रमेश कुमार मंडल, डालसा के पैनल अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, संदीप कुमार, जयराम मिश्रा पंचानन सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, डालसा की टीम अरुण कुमार, सौरभ सरकार, विधिक स्वयंसेवक राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, लाल सोरेन, ओम प्रकाश दास, पंकज वर्मा, सौरभ जयसवाल, लक्ष्मी कुमारी, लक्ष्मी देवी, निमाई प्रमाणिक, शैलेंद्र दास, जय किशोर शर्मा, चंदन कुमार, अजीत दास, अबुल कलाम, उत्तम मंडल, प्राणनाथ, गीता कुमारी, पवन, मानिक दूबे आदि मौजूद थे।

# लॉटरी के अवैध धंधे में लिप्त दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पुलिस ने शनिवार की देर रात छापामारी कर लॉटरी के अवैध धंधे में लिप्त दो विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर रविवार को उन्हें जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बाटा मोड़ व चिल्ड्रेन पार्क के समीप दो अवैध लॉटरी धंधेबाजों को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धर दबोचा। उनकी पहचान बाटा मोड़ निवासी शिव शंकर प्रसाद और ऊपरकुल्हि के सलाउद्दीन शेख के रूप में हुई है। दोनों ही धंधेबाजों के पास से 150 प्रतिबंधित लॉटरी के टिकट और 11 हजार रुपए नगद बरामद किए गये हैं। बतातें चलें कि प्रतिबंधित लॉटरी का खेल कोयलांचल में बड़े पैमाने पर वर्षों से फल फूल रहा है। झरिया के सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, बलियापुर स्टैंड, चिल्ड्रन पार्क, बनियाहीर, बाटा मोड़, लक्ष्मनिया मोड़, ऊपर कुल्ही, शमसेर नगर,



राजबाड़ी रोड, बिहार टॉकिज, घनुडीह, मेन रोड आदि क्षेत्रों में प्रतिदिन अवैध लॉटरी के टिकट की खरीद-बिक्री होती है। झरिया के समीर, इकबाल, मनुव्वर और अनिल जैसे कई बड़े धंधेबाज अपने एजेंटों के जरिए सिर्फ अवैध लॉटरी बिक्री का साम्राज्य वर्षो से चला रहे हैं। समय-समय पर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जाता है। बावजूद इसके अवैध लॉटरी बिक्री का काला खेल बदस्तूर जारी रहता है। लॉटरी से जुड़े इन बड़े धंधेबाजों का कालाधंधा सिर्फ झरिया के शहरी क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि लोदना, जोड़ापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तीसरा, भौंरा, अलकडीहा सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चल रहा है। गुमटियों और दुकानों में इनके एजेंटों द्वारा प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बेचे जा रहे हैं।

# मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो पुलिस ने पुराना बीडीओ ऑफिस के रजानगर में शनिवार को हुए मारपीट की घटना में आरोपित चार युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान रजानगर निवासी मो नौसाद, मो सरफराज, मो सोहेल और मो शाहबाज के रूप में हुई है। उनके विरुद्ध कांड संख्या 124/23 के तहत मामला दर्ज करते हुए चारों को जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व पुलिस ने सभी आरोपितों का फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल में मेडिकल जांच भी कराया। विदित हो कि शनिवार को जमीन विवाद को लेकर रजा नगर निवासी मिराज अंसारी (30) के चचेरे भाइयों ने ही उसे अपने आवास के



कमरे में बंद कर लाठी, डंडा लोहे का रड से मार कर घायल कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। घटना के बाद बेरमो थाना के एसआई नवीन कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मिराज को उसके चचेरे भाइयों के चंगुल से आजाद कराते हुए उपचार के लिए सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक शादाब अहमद ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये बोकरो केएम मेमोरियल अस्पताल रेफर कर दिया। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार में बताया कि मिराज अंसारी के आवेदन के उपरांत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपितों को जेल भेज दिया है। कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

# कतरास जीएनएम मैदान में दिखेगा राष्ट्रीय पक्षी मोर महल थीम पंडाल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा उत्सव मनाने को लेकर बैठक की गई। इसके बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने बताया कि 2001 से पूजा पंडाल की शुरुआत हुई थी। इस साल 23वां वर्ष पूरा करेगा। इस बार मोर महल थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण केंदुआ निवासी अखिलेश चौहान द्वारा दिया जा रहा है। मूर्ति निर्माण स्वरूप धरकीरो के अमित पंडित व नर्सिंग कर रहे हैं। बाघमारा के आरसी साउंड (राजेश चौरसिया) लाईट एंड साउंड द्वारा किया जाएगा। पंडाल के प्रवेश द्वार पर बनारस के गंगा घाट का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक रहेगा। पूजा पंडाल के




निमार्ण में 15 लाख रुपए की लागत आयेगी। मेला में तारामची, टोरा टोरा, नाव ,ड्रेगन मीना बाजार, मिठाई दुकान और बच्चों के लिए छोटे-छोटे झूले भी रहेंगे। निगरानी सदस्य सरोज विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सिन्हा, अशोक शर्मा, विनोद रजक, उपाध्यक्ष शेलेंद्र सिन्हा, रामजी हजारी, कुलदीप सिंह, मोनू सिंह, चंद्रकांत पंडित, संदीप जयसवाल सह कोषाध्यक्ष राहुल राज, जीत कुमार, भरत लाला, तापस दे, सुनील यादव, गणेश मोदक, चितरंजन कुमार, टिंकू खंडेलवाल आदि आदि मौजूद थे।

## एग्यारकुंड में लीगल इंपावरमेंट कैंप का आयोजन

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल इंपावरमेंट शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन धनबाद की मुख्य दंडाधिकारी सत्यभामा कुमारी ने किया। शिविर में विधिक संबंधी जागरूकता एवं जानकारी महिला सशक्तिकरण और लाभुको को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसमें वृद्धा पेंशन के 95, प्रधानमंत्री आवास योजना के 4, मनरेगा जॉब कार्ड 10, श्रम कार्ड, 4 मनरेगा कार्ड, एक ट्राई साइकिल वितरित किये गए। शिविर में प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, पैनल अधिवक्ता विश्वजीत कुमार सिंह, पारा लीगल भोलेनटियर, मोहम्मद अब्दुल कलाम, अरविंद प्रसाद, मुखिया मलका मेहर निगार, मुखिया मनोज कुमार राउत, मोहम्मद तनवीर आलम, रंजीत पासवान, मुखिया व काकोली मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

# जोगता में धमाके के साथ बना गोफ, आधा दर्जन घर चपेट में

**आक्रोशित ग्रामीणों ने पुनर्वास की मांग को लेकर घंटों रोका आउटसोर्सिंग का कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जोगता 11 नंबर बस्ती में रविवार की सुबह जोरदार आवाज के साथ बड़ा गोफ बन गया। जिसकी जद में जय कुमार मिश्रा, नंदलाल भुइयां और अरुण भुइयां का घर आ गया। घर में रखे सामान भी मलबे में दब गए। इसके साथ ही आसपास की जमीनों में भी दरारें पड़ गयी। गोफ से भारी मात्रा में गैस रिसाव हो रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। लोग आवाज सुनकर घरों से बाहर निकल गए। गनीमत रही कि घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। उधर, घटना के बाद मौके पर बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से घंटों कोई देखने नहीं आया। इससे नाराज लोगों ने बगल में चल रहे आउटसोर्सिंग का कार्य रुकवा दिया। सूचना पाकर कनकनी



कोलियरी के पीओ नारायण प्रसाद पूरी टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। करीब डेढ़ घंटे के बाद आउटसोर्सिंग का कार्य सुचारू हुआ। लोगों का कहना है कि लगभग 100 फिट के दायरे में 20 फिट गहरा गोफ हुआ है। गोफ में सबसे पहले जय कुमार मिश्रा का बंद घर समा गया। उसके बाद नंदलाल भुइयां और अरुण भुइयां के घर भी गोफ की चपेट में आ गये। लोग जान जोखिम में डाल कर मलबे से अपना सामान निकाल रहे हैं। वहीं, ग्रामीण पुनर्वास की व्यवस्था कराने की मांग पर अड़े हुए है। पीओ ने ग्रामीणों से कहा कि यह डेंजर जोन घोषित कर दिया गया है। जरेडा के तहत सभी को बेलगड़िया में आवास दिया जा रहा है। समान की ढुलाई के लिए व्यवस्था प्रबंधन की ओर से की जा रही है। दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि हमें तेतुलमारी या उसके आस-पास में जमीन मुहैया कराया जाए। हमलोग वहीं घर बनाकर रहेंगें।

## झरिया में मनी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 44वीं पुण्यतिथि

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के कतरास मोड़ स्थित जेपी चौक पर रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 44वीं पुण्यतिथि मनाई गई। लोकतंत्र सेनानी संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने जेपी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोकतंत्र सैनानी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जोशी ने कहा कि जयप्रकाश बाबू के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जेपी को श्रद्धांजलि देने वालों में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश कुमार जोशी, ओबीसी मोर्चा धनबाद जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, विष्णु त्रिपाठी आदि थे।

# जानलेवा हादसों के बाद भी नहीं थम रहा है बरोरा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार

**कार्रवाई के नाम पर होता है केवल दिखावा, बीसीसीएल और स्थानीय पुलिस मौन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बरोरा थाना क्षेत्र में इन दिनों व्यापक पैमाने पर अवैध कोयला का खनन व परिवहन किया जा रहा हैं। मुरायडीह कोलियरी स्थित जोगीडीह माईनप भूमिगत खदान, एमपी कोलियरी, मुराईडीह बस्ती के समीप, गणेशपुर और बारमसिया के आस-पास में दर्जनों अवैध मुहनों से अवैध कोयला डिपो स्थानीय खाकी व खादी के गठजोड़ से स्थापित हैं। जानकारी के अनुसार कोयला से जुड़े तस्करों ने रैयतों के जमीन तक खोद दिये हैं। बतातें चलें कि इस अवैध कारोबार को लेकर कई बार हिंसक झड़प के साथ गोलिबारी व बमबाजी की



घटना भी हो चुके हैं। तस्करों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि सीआईएसएफ के साथ कई बार मुढभेड़ भी हो चुकी है। इसके बावजूद क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध कोयला का खनन व परिवहन जारी रहना पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान लगा रहा है। कोयला तस्करो का साट-गांठ इतना मजबूत हैं कि खनन के दौरान होने वाले हादसों के बाद भी कोयला खनन जारी रहता हैं। जबकि जान गंवाने वाले मजदूरों को सिंडिकेट द्वारा तयशुदा मुआवजा देकर परिजनों का मुंह बंद कर दिया जाता हैं। इस गोरख धंधे में कथित रूप से खाकी और खादी धारियों की संलिप्तता भी है, जो मोटी रकम वसूलते हैं। जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन 20 से 25 ट्रक अवैध कोयले को बंगाल, यूपी और बिहार सहित अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है।

### निर्देश : दुगार्पूजा को लेकर लोयाबाद थाना और मैथन ओपी में शांति समिति की बैठक

# हुड़दंगी-असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर: पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** दुगार्पूजा में शराबियों, हुड़दंगियों और मनचलो को लेकर पुलिस सख्त रवैया अपनाए हुए है। रविवार को लोयाबाद थाना में थाना प्रभारी राजन कुमार राम की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में असमाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखे जाने की बात कही गयी। बैठक में केंदुआडीह अंचल निरीक्षक संजीव तिवारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा में अश्लील गाने बजाने और शराब के नशे में धूत होकर मेला जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मेले में निगरानी के लिए पूजा कमेटी से सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। पूजा में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह-जगह पुलिस


लोयाबाद थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में मौजूद पुलिस-प्रबुद्ध लोग।

की व्यवस्था रहेगी। पूजा कमेटी के सचिव विजेंद्र पासवान व मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने पुलिस से आरती और मंदिर में दीप जलाने के लिए आने वाली युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। विधि व्यवस्था बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्धजन, पूजा समिति के सदस्य एवं सभी सम्प्रदाय के लोगों ने शांतिपूर्वक पूजा संपन्न कराने की बात कही। प्रतिमा विर्सजन के समय विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। बैठक का संचालन चेंबर के सचिव सुनील पांडेय ने किया। इस मौके पर जयप्रकाश पांडेय, सोहन महतो, सिपाही चौहान, राजेंद्र पासवान, रवि चौबे, मनोज मुखिया, पूर्व पार्षद महावीर पासी, दिनेश रवानी, कृपाशंकर सिंह, आजाद अंसारी, शंकर केसरी, मन्नू सिंह, डॉ रामानंद शर्मा, रंजीत साहनी, श्रीराम चौहान, सुरेश यादव आदि मौजूद थे।

# पंडालों में डीजे नहीं बजाने की अपील

**दुर्गा पूजा को लेकर मैथन ओपी में शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मैथन ओपी प्रांगण में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसका संचालन मेढा ग्राम के मुखिया मनोज राउत ने किया। बैठक में एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, सर्किल इंस्पेक्टर एनएम दादेल, प्रमोद राय, मैथनओपी प्रभारी विकास यादव आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना दे कर शांति पूर्वक त्योहर मनाने की अपील की। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ



मनचलों पर विशेष नजर रहेगी। पूजा पंडालों में डीजे नहीं बजाने को लेकर अपील की गयी है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करने की बात कही। वक्ताओं ने मैथन संजय चौक स्थित दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे पर पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रण करने के लिए ठोस पहल करने की मांग की। इस मौके पर राकेश रंजन केसरी, रविंद्र साहनी, बबलू चौधरी, प्रेम सिंह, सुदेश सिंह, अजय मुर्मू, सोमा उरांव, संजय यादव और सुमना लाहरी आदि उपस्थित थे।

## जमुनियागढ़ा जंगल में वृद्धा का क्षत-विक्षत शव बरामद

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** जमुनियागढ़ा जंगल में रविवार को वृद्ध महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। भलमारा पंचायत के बिरनी गांव के निकट मिले शव की पहचान नावाडीह थाना क्षेत्र के परसबनी पंचायत कंचनपुर निवासी स्व. दुलाल महतो की पत्नी विलासी देवी के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी महावीर पंडित दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर जांच में जुट गए। वहीं खबर पाकर उत्पाद मंत्री सह डुमरी विधायक बेबी देवी भी मौके पर पहुंच गयीं। मृतका के पुत्र रामशंकर, पुत्री मीना देवी, पुतोह गीता देवी आदि ने पुलिस को बताया कि पिता के निधन के बाद मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह 29 सितंबर से ही घर से लापता थी। काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इस बीच रविवार की सुबह खबर मिली कि एक महिला का शव मिला है। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो शव उनकी मां की निकली। इस मौके पर प्रमुख पूनम देवी, लोकेश्वर प्रसाद महतो, जयलाल महतो, मुखिया देवेंद्र कुमार महतो, हरेंद्र महतो, धानेश्वर महतो खेलू महतो, मुकेश महतो और राकेश महतो सहित अन्य लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर झामुमो का प्रदर्शन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता कारू यादव के नेतृत्व में रविवार को फुलवारटांड रेलवे स्टेशन परिसर में इंटरसिटी एक्सप्रेस, वनांचल एक्सप्रेस , मौर्य एक्सप्रेस ,पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रनों के ठहराव की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। झामुमो नेता कारू यादव ने बताया कि इन ट्रेनों के ठहराव से यहां के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, लेकिन रेलवे की दोहरी नीति के कारण सभी पूर्व संचालित ट्रेनों को बंद कर दिया गया। वहीं, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि अगर रेलवे ने हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो 27 अक्टूबर को वृहद धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## न्यूज रील्स

### 'मुंह पर थूक दो, अधिकारी को फटे जूते की माला पहनाओ'

**भभुआ।** किसान महापंचायत में पूर्व कृषि मंत्री सह रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधाकर सिंह ने सरकार व अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वोट जहां देना हो दीजिए। मेरे कहने पर मुझे भी वोट मत दीजिएगा, जब तक हम आपका काम न करें। लाठी-डंडा से डर लगता हो, सिर फूट जायेगा। उन्होंने कहा कि लोहिया ने बताया था हम लोगों को, आसान तरीका है मुंह पर थूक दो अधिकारी के। कलेक्टर के मुंह पर थूंक दीजिएगा तो कौन दफा लगा कर जेल भेजेगा। आप कलेक्टर को क्यों फूल का माला पहनाते हैं, फटा हुआ जूता का माला गर्दन में लटका दीजिए अधिकारियों को, कौन दफा लगेगा। पूर्व कृषि मंत्री ने आगे कहा कि हम तो गांधीवादी हैं। हम गांधी जी के रास्ते बता रहे हैं। जो बता रहे हैं, उसको करके देखियेगा, अधिकारी इस्तीफा देकर न चला जाए तो कहिएगा। सिर फोड़ियेगा तो 302 व 307 का दफा लगेगा।

# जेएसपी फाउंडेशन ने मिशन जीरो हंगर कार्यक्रम का बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की

**शालू जिंदल के नेतृत्व में पूरे भारत में हर साल 50 लाख से अधिक भोजन वितरित किये जाते हैं और इसका भव्य लक्ष्य हर साल इसे 1 करोड़ तक ले जाना है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) का एक सामाजिक संगठन जेएसपी फाउंडेशन भूख मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने परिकल्पित भूख मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, फाउंडेशन ने अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'मिशन जीरो हंगर' को व्यापक और जन-उन्मुख बनाने की योजना बनायी है। उल्लेखनीय है कि जिंदल ने भूख मुक्त देश बनाने के लिए लोकसभा में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया था। शालू जिंदल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन की माननीय अध्यक्ष, जेएसपी की सामाजिक शाखा, पूरे भारत में हर साल 50 लाख से अधिक भोजन वितरित किए जाते हैं और इसका भव्य लक्ष्य हर साल इसे 1 करोड़ तक ले जाना है। यह योजना गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर समुदायों, कुपोषित बच्चों, गर्भवती और एनीमिक महिलाओं, प्रवासी श्रमिकों और अन्य हाशिए के समूहों के लिए खाद्य सुरक्षा और बुनियादी पोषण सुनिश्चित करने पर जोर देती है और इसने पूरे भारत में गरीबों को गर्म पका हुआ भोजन और सूखा राशन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने पहले चरण में ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में और धीरे-धीरे भारत के कोने-कोने में भूख और कुपोषण को खत्म करने के लिए मिशन जीरो हंगर को लागू करने की इच्छा व्यक्त की है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, जेएसपी फाउंडेशन सक्रिय रूप से समान विचारधारा वाले गैर-सरकारी संगठनों, पेशेवर एजेंसियों, नागरिक समाजों का समर्थन और सहयोग चाहता है, जो जमीनी स्तर से भूख उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं और कॉपोर्रेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सीएसआर कार्यक्रम के तहत भागीदारी करने के योग्य हैं। जेएसपी फाउंडेशन जरूरतमंदों और निराश्रितों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भागीदारों के पास क्षमता, प्रशिक्षित जनशक्ति और सबसे महत्वपूर्ण रूप से दयालु रवैये पर ध्यान केंद्रित करता है। इच्छुक एजेंसियों को ईमेल के माध्यम से (आरएफपी एटदीरेट जेएसपीएल कॉम से) से संपर्क करने या सहयोग के लिए फाउंडेशन की वेबसाइट पर जाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) आवेदन प्रारूप जेएसपी फाउंडेशन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# स्थानीय भाषा कुवी और देशिआ को मजबूत करने के लिए ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण शुरू


**यह कार्यक्रम 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) चांसलर प्रो चक्रधर त्रिपाठी के दूरदर्शी नेतृत्व में आरआइइ (क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान) एनसीइआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) के सहयोग से स्कूल शिक्षकों के लिए कुवी और देशिआ भाषाओं पर एक परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम नौ से 11 अक्टूबर तक सुनाबेड़ा स्थित ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का उल्लेखनीय प्रयास और दिशा के साथ प्राथमिक स्तर पर एक कुवी और देशिआ पुस्तक प्रारंभिक स्तर पर तैयार हो चुकी है। इसका विमोचन भुवनेश्वर में किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में इस स्वदेशी-आदिवासी भाषा और संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भुवनेश्वर एनसीइआरटी आरआइइ के अध्यक्ष प्रोफेसर पीसी अग्रवाल, कुवी और देशिआ भाषाओं प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक डॉ राशमीरेखा सेठी, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भाषा स्कूल के डीन और प्रभारी रजिस्ट्रार प्रोफेसर एनसी पांडा, कुवी और देशिआ भाषाओं प्रशिक्षण कार्यक्रम के स्थानीय समन्वयक डॉ कपिल खेमऊनडु और प्रशिक्षण कार्यक्रम के सह समन्वयक डॉ रुद्राणी मोहंती अहम भूमिका निभायेंगी। इस कार्यक्रम में बहुभाषी शिक्षा के सलाहकार डॉ महेंद्र मिश्रा, शिक्षा संसाधन विशेषज्ञ (इआरपी) शिव शंकर पटनायक, डॉ राजेंद्र पाढ़ी, त्रिनाथ खोरा और सुरेश खोरा प्रमुख इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें कोरापुट जिले के कई स्कूलों में प्राथमिक स्तर पर पढ़ाने वाले कुवी और देशिआ भाषाओं में पारंगत 60 समर्पित शिक्षकों ने भाग लेंगे। इस ऐतिहासिक प्रयास के केंद्र में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की शिक्षा में स्थानीय भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की मान्यता है, जो 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दृढ़ता से निहित है। गौरतलब है कि कोरापुट जिले के कुवी और देशिआ भाषी क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को सशक्त बनाने का यह पहला कार्यक्रम है।




# बाहानगा ट्रेन दुर्घटना, 28 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** बाहानगा ट्रेन हादसा घटना। 28 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जायेगा। सीबीआई ने जिला कलेक्टर को 28 शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए लिखा था। सीबीआई के पत्र के बाद अंतिम संस्कार करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गयी है। बीएमसी ने अंतिम संस्कार के लिए एसओपी भी जारी किए हैं। शव सौंपने से लेकर दाह संस्कार तक हर चीज की वीडियोग्राफी की जायेगी। खबरों के अनुसार, बाहानगा ट्रेन दुर्घटना में 28 अज्ञात शवों को एम्स भुवनेश्वर में रखा गया है। अब तक इन मृत के कोई दावेदार नहीं हैं। मृतक को एक कंटेनर में रखा गया था। 2 जून को बाहानगा ट्रेन दुर्घटना में 295 लोगों की मौत हो गयी थी। एम्स को 2 चरणों में 162 शव लाया गया था। मृत दावेदारों की संख्या के कारण डीएनए नमूनों को विकल्प के रूप में लिए गये थे। मृतकों में से 53 लाशों को बाद में सौंप दिया गया। वर्तमान में 28 शव पड़े हुए हैं। अब यह तय किया गया है कि अंतिम संस्कार किया जायेगा।




## नालको एसएंडपी की तरफ से कई विद्यालयों में सतर्कता जागरूकता का आयोजन



**भूवनेश्वर ( आजाद सिपाही)।** अंगुल नालको स्मेल्टर और पावर प्लांट (एस एंड पी) के तरफ से कई स्कूलों में सतर्कता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया है। सबसे पहले, अंगुल सरकारी हाई स्कूल में सतर्कता पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और छात्रों और कर्मचारियों के बीच सतर्कता पर शपथ दिलाई गयी। इस के साथ नालको नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल में भी कविता, रचना एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्रों, विद्यालय के कर्मचारी और प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को सतर्कता शपथ दिलाई गयी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों में सतर्कता के बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया। एस एंड पी सतर्कता विभाग की ओर से इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

## निजी बस मालिक संघ का बड़ा फैसला, अगले 10 तारीख से राज्यव्यापी बस हड़ताल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तारीख से राज्यव्यापी बस हड़ताल। निजी बस ओनर्स एसोसिएशन ने रविवार को अनिश्चितकाल के लिए बसें हड़ताल करने का बड़ा फैसला लिया है। बस ओनर्स एसोसिएशन के साधारण संपादक देवेन्द्र साहू ने इसकी जानकारी दी। यूनियन ने बस बंद का आह्वान किया है क्योंकि सरकार ने यूनियन की मांगों को स्वीकार नहीं किया और बातचीत नहीं की। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप 10 अक्टूबर को सुबह 6 बजे बस हड़ताल शुरू होगी। बस एसोसिएशन ने राज्य भर में शुरू की गयी सरकार की नुआ लक्ष्मी बस योजना का विरोध किया है। बस मालिक संघ की शिकायत के मुताबिक, लक्ष्मी योजना के तहत गांव-गांव या गांव से ब्लॉक तक बसें चलने से कोई दिक्कत नहीं है। एसोसिएशन ने कहा, लेकिन अगर निजी बस ब्लॉकों से जिलों और शहरों तक चलेंगी तो मालिकों को नुकसान होगा। उन्होंने विशिष्ट दिशानिर्देश लाने की मांग की गौरतलब है कि मो लक्ष्मी योजना 2 अक्टूबर को ही लॉन्च हो चुकी है। राज्य सरकार बस योजना में पंचायतों को ब्लॉकों से और जिलों को ब्लॉकों से जोड़ने की योजना बना रही है। सरकार ने तर्क दिया कि गरीब लोग किफायती बस किराया देकर ग्रामीण इलाकों से शहरों तक एसी बसों से आराम से यात्रा कर सकते हैं।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


# `विश्व सेरेब्रल मस्तिष्क पक्षाघात पाल्सी दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भूवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा, जेएसपी फाउंडेशन के जिंदल आशा केंद्र ने विश्व सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) दिवस मनाया। सेरेब्रल पाल्सी क्या है और इसे कैसे रोका जा सकता है, इस पर वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित किए गये। हाल के दिनों में, कई गांवों के ग्रामीणों को चिकित्सा के माध्यम से सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से राहत पाने के बारे में जागरूक किया गया था। सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) से पीड़ित व्यक्ति फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी, विशेष शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से कैसे ठीक हो सकता है, इस पर शिक्षा प्रदान की गयी। अंगुल के जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नारायण मुख्य अतिथि थे और डीएवी सावित्री जिंदल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फकीर मोहन इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नारायण महापात्र जिंदल आशा केंद्र के ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की और जेएसपी फाउंडेशन की अधक्षा शालू जिंदल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिंदल आशा केंद्र के बच्चों ने मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस के साथ जागरूकता पदयात्रा का भी आयोजन किया तथा इसमें भाग लेने वाले सभी सेरेब्रल पाल्सी (मस्तिष्क पक्षाघात) पीड़ित बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**